आज का विचार

जीवन में किसी भी परिस्थिति में उम्मीद नहीं खोना, कोई नहीं जानता है कि आने वाले कल में क्या होगा।

www.ambikavani.com

# अम्बिकावाणी

संस्थापक : स्व. श्रीकिशन असावा एवं स्व. श्री गोपाल असावा

■ वर्ष-25 अंक-355 ■ पृष्ठ-8 ■ मूल्य 2.50 ■ प्रधान संपादक- महेन्द्र सिंह टुटेजा, ● प्रबंध संपादक-नरेन्द्र सिंह टुटेजा





**ड्रेस कोड लागू होने से कपड़ा व्यवसाई और दर्जियों की होगी चांदी**

बैकुण्ठपुर रविवार 22 जून, 2025

**शुभमन गिल ने बतौर कप्तान पहले ही मैच में तोड़ा आईसीसी का नियम, लगेगा जुर्माना?**

## प्रधानमंत्री मोदी ने 3 लाख लोगों के साथ विशाखापट्टनम में किया योग, बोले- इसने पूरी दुनिया को जोड़ा



**विशाखापट्टनम,21 जून (ए)।** आज पूरे देश और दुनिया में 11वां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया जा रहा है। इस साल खास आयोजन योग संगम के तहत सुबह 6:30 से 7:45 बजे तक देशभर के एक लाख से ज्यादा जगहों पर सामूहिक रूप से योग किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आंध्र प्रदेश के विशाखापट्टनम में राष्ट्रीय योग कार्यक्रम का नेतृत्व किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि योग का मतलब होता है- जोड ?ा और ये देखना सुखद है कि योग ने पूरी दुनिया को जोड़ा है ।यो

प्रधानमंत्री ने कहा, जब व्यक्ति अपने हित से ऊपर उठकर समाज की सोचता है, तभी पूरी मानवता का हित होता है। भारतीय संस्कृति हमें सिखाती है- सर्वे भवंतु सुखिनः यानी सभी का कल्याण ही मेरा कर्तव्य है। मैं से हम की यात्रा ही सेवा, समर्पण और सह-अस्तित्व का आधार है। दुर्भाग्य से आज दुनिया किसी न किसी तनाव से गुजर रही है। अशांति और अस्थिरता बढ़ रही है। ऐसे में योग से हमें शांति की दिशा मिलती है।

पीएम मोदी ने विशाखापट्टनम में 3 लाख लोगों और 40 देशों के राजनयिकों के साथ योग किया। इस दौरान उनके साथ आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू और उपमुख्यमंत्री पवन कल्याण ने भी योग किया। आंध्र प्रदेश सरकार इस कार्यक्रम में 50 लाख से ज्यादा योग प्रमाणपत्र बांटकर रिकॉर्ड बनाने की तैयारी कर रही है। इस बार अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की थीम एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग है।

### ◆ अंतरराष्ट्रीय योग दिवस

विशाखापट्टनम तट पर नौसेना जहाज पर भारतीय नौसेना के जवानों ने योग किया। पूर्वी नौसेना कमान के 11,000 नौसैनिक और उनके परिवार के सदस्यों ने प्रधानमंत्री के योग सत्र में भाग लिया। ये नौसैनिक प्रतिभागी 30 किलोमीटर लंबे आरके बीच के किनारे लगभग 10 बाड़ों में मौजूद हैं, जो ऐतिहासिक सभा का एक अभिन्न हिस्सा हैं। वहीं, विशाखापट्टनम के तट पर लंगर डाले भारतीय नौसेना के जहाजों पर भी योग का अभ्यास किया जा रहा है।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने देहरादून, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने उधमपुर, उप सेना प्रमुख लेफ्टिनेंट जनरल एनएस राजा सुब्रमणि ने दिल्ली, गृह मंत्री अमित शाह ने अहमदाबाद, स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने दिल्ली, वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने फरीदाबाद, हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कुरुक्षेत्र, राजस्थान की उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी ने जयपुर, गोवा के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत ने बाम्बोलिम और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखपुर में योग किया

दुनिया के करीब 190 देशों में योग दिवस मनाया गया। न्यूयॉर्क के टाइम्स स्क्वायर पर अभिनेता अनुपम खेर ने योग किया। उनके साथ सैकड़ों लोग मौजूद रहे। भारत के उच्चायुक्त विक्रम दोराईस्वामी ने लंदन में योग दिवस मनाया। ब्रिटेन के किंग चार्ल्स ने भी इस मौके पर संदेश जारी किया। अमेरिका के वॉशिंगटन डीसी में भारतीय दूतावास ने योग सत्र का आयोजन किया। इसके अलावा जापान, साइप्रस, ऑस्ट्रेलिया, अमेरिका समेत कई देशों में भी आयोजन हुए।

प्रधानमंत्री मोदी ने पहली बार 27 सितंबर, 2014 को संयुक्त राष्ट्र महासभा में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाने का प्रस्ताव रखा था। भारत के इस प्रस्ताव को 177 देशों ने समर्थन दिया और महज 3 महीने के अंदर यानी 11 दिसंबर, 2014 को संयुक्त राष्ट्र ने 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के रूप में मनाने की घोषणा की। इसके बाद पहला अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 21 जून, 2015 को मनाया गया था।

## भीषण गर्मी के बाद अब भारी बारिश की आफत शुरू, कई राज्यों में अलर्ट



**नईदिल्ली,21 जून (ए)।** उत्तर भारत के कई इलाकों में दक्षिण-पश्चिम मानसून ने दस्तक दे दी है, जिसके चलते कई जिलों में भारी बारिश का दौर शुरू हो गया है। 1-2 दिन में मानसून दिल्ली समेत पंजाब और हरियाणा में पहुंच सकता है। अब तक बिहार, छत्तीसगढ़, झारखंड, उत्तराखंड, हिमाचल, उत्तर प्रदेश, राजस्थान और मध्य प्रदेश के कुछ हिस्सों में मानसूनी बारिश शुरू हो चुकी है। भारतीय मौसम विभाग (आईएमडी) ने 21 जून को 17 राज्यों में भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है। मध्य प्रदेश, बिहार और पूर्ती उत्तर प्रदेश से दक्षिण-पश्चिम मानसून से आगे बढ़ते हुए हिमाचल प्रदेश से उत्तराखंड और लद्दाख के कुछ हिस्सों में आगे पहुंच गया है। पूर्वी मध्य प्रदेश और पूर्वी उत्तर प्रदेश में बारिश को लेकर अलर्ट जारी किया गया है। इसके अलावा गोवा, गुजरात, मध्य महाराष्ट्र, पूर्वी राजस्थान, पंजाब, हरियाणा, हिमाचल, दिल्ली, बिहार, झारखंड, चंडीगढ़, छत्तीसगढ़, असम, मेघालय, कर्नाटक, अरुणाचल प्रदेश और ओडिशा में भारी बारिश का अलर्ट जारी किया गया है। राजस्थान में तेज बारिश का दौर शुरू हो गया है। जयपुर, कोटा, भीलवाड़ा, दौसा, बूंदी, टोंक, सीकर, नागौर, करौली समेत कई जिलों में शुक्रवार को 1 से 6-इंच तक बरसात दर्ज हुई। जयपुर में जमीन धंसने से कई गाडि ?ां फंस गई, जबकि सीकर में बिजली गिरने से एक किसान की मौत हो गई। कई जगह जलभराव के कारण यातायात प्रभावित हुआ है। मौसम विभाग ने शनिवार को प्रदेश के अधिकांश जिलों में भारी बारिश की चेतावनी दी है। उत्तर प्रदेश में मानसून ने जोर पकड़ लिया है और यहां 26 जून तक बारिश का सिलसिला जारी रहने की उम्मीद है। मौसम विभाग के मुताबिक 21 और 22 जून को भारी बारिश हो सकती है, जबकि कुछ पश्चिमी जिलों में भारी और लगभग पूरे पूर्वी हिस्से में गरज-चमक के साथ बहुत बारिश हो सकती है। इसके साथ ही 30-40 किमी/घंटा की रफ्तार से तेज हवाएं चल सकती हैं। इसके चलते लोगों को सावधानी बरतने की सलाह दी गई है। बिहार में दक्षिण-पश्चिम मानसून ने पूरी तरह दस्तक दे दी है और इसका असर सभी 38 जिलों में देखने को मिल रहा है। नमी से भरी पछुआ हवाओं ने बारिश की संभावना बढ़ा दी है, जिससे लोगों को गर्मी और उसम से राहत मिल सकती है। मौसम विभाग ने शनिवार को पूरे प्रदेश में हल्की से मध्यम और कुछ इलाकों में भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है, जिससे 1-2 दिन में तापमान कम हो सकता है।

दिल्ली एनसीआर में 19 जून से ही तापमान में थोड़ी गिरावट देखी गई। कई जगह 21 जून को बारिश और तेज हवा के साथ बिजली गिरने की संभावना है। सुबह से ही कोहरा और नमी बनी है। इस दौरान आद्रता 80 प्रतिशत तक बढ़ सकती है। अधिकतम और न्यूनतम तापमान क्रमशः 36 और 27 डिग्री रह सकता है।

## मुख्यमंत्री साय ने गजरथ यात्रा का किया शुभारंभ, मानव-हाथी द्वंद रोकने की अनूठी पहल

**00 रणजीता स्टेडियम परिसर में लगाए सिंदूर के पौधे, पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश**

**रायपुर।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने आज जशपुर के रणजीता स्टेडियम परिसर में आयोजित कार्यक्रम में गजरथ यात्रा को हरी झंडी दिखाकर शुभारंभ किया। यह अभिनव पहल छत्तीसगढ़ में मानव-हाथी द्वंद को कम करने और वन्यजीव संरक्षण के लिए जनजागरूकता फैलाने के उद्देश्य से शुरू की गई है। इस यात्रा के माध्यम से स्कूलों, ग्राम पंचायतों और हाट-बाजारों में पहुंचकर हाथियों के व्यवहार, सुरक्षा उपायों और सह-अस्तित्व के संदेश को जन-जन तक पहुंचाया जाएगा।

मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर कहा कि मानव और हाथियों के बीच बढ़ते टकराव को कम करने के लिए सामुदायिक भागीदारी और जागरूकता अत्यंत आवश्यक है। गजरथ यात्रा इस दिशा में एक सार्थक माध्यम बनेगी, जो लोगों को शिक्षित कर मानव-वन्यजीव संघर्ष को कम करने में सहायक होगी। उन्होंने वन विभाग के उन कर्मचारियों को भी सम्मानित किया, जिन्होंने इस क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य किया है। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री श्री साय ने स्टेडियम परिसर में सिंदूर का पौधा लगाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। उन्होंने एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत नागरिकों से अपील की कि वे अधिक से अधिक वृक्षारोपण करें । उन्होंने कहा कि पेड़ न केवल जीवनदायिनी ऑक्सीजन प्रदान करते हैं, बल्कि जल संरक्षण, जैव विविधता और जलवायु संतुलन के लिए भी आवश्यक हैं।




मुख्यमंत्री श्री साय ने वन विभाग द्वारा तैयार लघु फिल्म और पुस्तिका का विमोचन भी किया, जिसमें हाथियों से संबंधित सावधानियां, उनके व्यवहार को समझने और सुरक्षा उपायों की जानकारी दी गई है। यह सामग्री स्कूली बच्चों, ग्रामीणों और स्थानीय समुदायों में वितरित की जाएगी। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण केवल सरकार की ही नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है। उन्होंने राज्य सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं और जागरूकता अभियानों की जानकारी दी, जो सतत विकास और हरित छत्तीसगढ़ के निर्माण में सहायक हैं।

उल्लखेनीय है कि गजरथ यात्रा राज्य सरकार की उस व्यापक रणनीति का हिस्सा है, जो सतत विकास, जैव विविधता संरक्षण और स्थानीय समुदायों की सहभागिता के माध्यम से वन्यजीवों के लिए सुरक्षित वातावरण सुनिश्चित करने के लिए समर्पित है। मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागियों और वन विभाग की टीम को इस प्रयास के लिए शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर समाज कल्याण मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े, योग आयोग के अध्यक्ष श्री रूप नारायण सिन्हा, पूर्व सांसद श्री रणविजय सिंह जूदेव, पद्मश्री श्री जागेश्वर यादव, विधायक श्रीमती रायमुनी भगत, जिला पंचायत अध्यक्ष श्री सालिक साय, माटीकला बोर्ड अध्यक्ष श्री शंभूनाथ चक्रवर्ती, सन्निर्माण कर्मकार मंडल अध्यक्ष श्री रामप्रताप सिंह, नगर पालिका अध्यक्ष श्री अरविंद भगत, उपाध्यक्ष श्री यश प्रताप सिंह जूदेव, संभागायुक्त श्री नरेंद्र दुग्गा, आईजी श्री दीपक झा, कलेक्टर श्री रोहित व्यास, एसएसपी श्री शशि मोहन सिंह सहित अनेक जनप्रतिनिधि, नागरिक, स्कूली छात्र और योग संस्थाओं के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

## जशपुर के रणजीता स्टेडियम में मुख्यमंत्री साय ने किया योगाभ्यास

**00 प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने योग को दिलाई वैश्विक पहचानः स्वस्थ जीवन के लिए योग को बनाएं दिनचर्या का अभिन्न अंग - मुख्यमंत्री 00 नालंदा परिसर सहित 108 करोड़ रुपये के कार्यों का मुख्यमंत्री ने किया भूमिपूजन एवं लोकार्पण**




**रायपुर।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने आज जशपुर जिला मुख्यालय में आयोजित अंतरराष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम में हजारों लोगों के साथ योगाभ्यास किया और सभी को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि योग कोई नई पद्धति नहीं, बल्कि हमारी प्राचीन सनातन परंपरा का अभिन्न अंग है, जिसे ऋषि-मुनियों ने विकसित किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने 2014 में संयुक्त राष्ट्र महासभा में योग को वैश्विक मंच पर प्रस्तुत किया, जिसके परिणामस्वरूप 2015 से प्रत्येक वर्ष 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के रूप में विश्वभर में मनाया जा रहा है। यह हमारे लिए गर्व की बात है कि आज 175 से अधिक देशों में योग की गूंज सुनाई देती है। मुख्यमंत्री के साथ जनप्रतिनिधियों, स्कूली छात्र-छात्राओं, अधिकारियों, कर्मचारियों और आम नागरिकों ने उत्साहपूर्वक योगाभ्यास में भाग लिया। योग प्रशिक्षकों ने चक्रासन, अर्धचक्रासन, कपालभाति, अनुलोम-विलोम, प्राणायाम, वज्रासन सहित विभिन्न आसनों का अभ्यास कराया। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि दिन के 24 घंटों में से कुछ समय योग के लिए अवश्य निकालें। इससे न केवल गंभीर बीमारियां दूर होती हैं, बल्कि भविष्य में रोग होने की संभावना भी कम होती है। उन्होंने जेनेरिक दवाओं के उपयोग पर बल देते हुए कहा कि ये दवाएं प्रभावी, सुलभ और किफायती हैं। मुख्यमंत्री ने स्कूली बच्चों की बड़ी संख्या में भागीदारी की सराहना करते हुए कहा कि योग से बच्चों का मन शांत होता है और पढ़ाई में ध्यान केंद्रित होता है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने नालंदा परिसर का भूमिपूजन किया। 11.29 करोड़ रुपये की लागत से 2 एकड़ में बनने वाले इस परिसर में 500 विद्यार्थी एक साथ अध्ययन कर सकेंगे। परिसर में एक आकर्षक उद्यान भी विकसित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इससे ग्रामीण और आर्थिक रूप से कमजोर छात्रों को विशेष लाभ मिलेगा। आज ग्रामीण क्षेत्रों के छात्र भी जागरूक होकर प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता प्राप्त कर रहे हैं। इसलिए राज्य सरकार ने सभी जिला मुख्यालयों और बड़े शहरों में नालंदा परिसर स्थापित करने का निर्णय लिया है। मुख्यमंत्री ने कुल 107.81 करोड़ रुपये के 64 कार्यों का भूमिपूजन एवं लोकार्पण किया। इसमें जशपुर विधानसभा क्षेत्र में 61.20 करोड़ रुपये के 85 कार्यों का भूमिपूजन और 15.80 करोड़ रुपये के 6 कार्यों का लोकार्पण शामिल है। इसी प्रकार, कुनकुरी विधानसभा क्षेत्र के फरसाबहार विकासखंड में 24.90 करोड़ रुपये के 15 कार्यों का भूमिपूजन और 5.91 करोड़ रुपये के 4 कार्यों का लोकार्पण किया गया।

मुख्यमंत्री ने नागरिकों से एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत वृक्षारोपण का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि वर्षा ऋतु शुरू हो चुकी है, जो पौधरोपण के लिए उपयुक्त समय है। कार्यक्रम में योग आयोग के प्रशिक्षकों को प्रशस्ति पत्र और प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। समाज कल्याण मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े ने कहा कि योग सभी के लिए समान रूप से लाभकारी है। उन्होंने बताया कि इस वर्ष योग दिवस की थीम एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य है, जो मानव और पृथ्वी के परस्पर संबंध को दशार्ती है। इस वर्ष का योग हरित योग पर आधारित है, जिसके तहत अधिक से अधिक पौधरोपण का संदेश दिया जा रहा है।

### पहला कॉलम

**दो दिवसीय प्रवास आज छत्तीसगढ़ आएंगे केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह**



**00 कार्यक्रम का प्रोटोकॉल जारी**

**रायपुर।** केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह 22 जून को 2 दिवसीय दौरे पर छत्तीसगढ आ रहे हैं। दो दिन के उनके कार्यक्रम का प्रोटोकॉल जारी कर दिया गया है।

22 जून

कार्यक्रम 1

नेशनल फॉरेंसिक साइंस यूनिवर्सिटी (एनएफएसयू) और सेन्ट्रल फॉरेंसिक साइंस लैबोरेट्री (सीएफएसएल) के रायपुर परिसर का शिलान्यास एवं एनएफएसयू रायपुर के अस्थाई परिसर का ई-उटघाटन ।

समयः दोपहर 2 बजे

स्थानः सेक्टर -2, नवा रायपुर

कार्यक्रम 2

छत्तीसगढ़ एवं पडौसी राज्यों के डीजीपी/एडीजीपी के साथ सुरक्षा संबधित बैठक

समयः दोपहर 03:45 बजे

स्थानः होटल मेफेयर, नवा रायपुर

कार्यक्रम 3

वामपंथी उग्रवाद पर सुरक्षा की समीक्षा बैठक

समयः शाम 06:15 बजे

स्थानः होटल मेफेयर, नवा रायपुर

23 जून

कार्यक्रम 1

अबूझमाड़ क्षेत्र के ग्रामीणों के साथ संवाद

समयः दोपहर 12 बजे

स्थानः अबूझमाड़, नारायणपुर

कार्यक्रम 2

बीएसएफ के जवानों के साथ संवाद

समयः दोपहर 01:15 बजे

स्थानः बीएसएफ कैंप, इरकभट्टी, नारायणपुर

### कुछ अलग

**एक जुलाई से दिल्ली में पुराने वाहनों को नहीं मिलेगा पेट्रोल-डीजल**

**नईदिल्ली ,21 जून (ए)।** वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीक्यूएम) ने दिल्ली में वायु गुणवत्ता को खराब करने में योगदान देने वाले पुराने वाहनों पर नकेल कसने की तैयारी कर दी है। इस पहल के तहत राष्ट्रीय राजधानी में सभी एंड-ऑफ-लाइफ (ईओएल) वाहनों को 1 जुलाई से फ्यूल स्टेशंस पर पेट्रोल-डीजल नहीं दिया जाएगा। ईओएल वाहनों की पहचान दिल्ली के सभी पेट्रोल पंप पर लगाए गए ऑटोमैटिक नंबर प्लेट पहचान (एएनपीआर) कैमरों की मदद से की जाएगी। ईओएल वाहनों का पता लगाने के लिए ईंधन स्टेशंस के बाहर लगाए गए एएनपीआर कैमरे वास्तविक समय में लाइसेंस प्लेट नंबर पढ़ते हैं। सिस्टम वाहन डाटाबेस के साथ पंजीकरण प्लेट को क्रॉस-सत्यापित करता है, जिसमें मालिक का विवरण, ईंधन का प्रकार और वाहन की आयु शामिल होती है। अगर, सिस्टम को पता चलता है कि वाहन 10 वर्ष (डीजल) या 15 वर्ष (पेट्रोल) से अधिक पुराना है,

### खरी-खरी




रामकृष्णा केयर हॉस्पिटल, रायपुर
एवं तेज डायग्नोस्टिक /ब्लड बैंक(सेंटर)
RAMKRISHNA CARE HOSPITALS
HOSPITAL Caring for You
माता राजरानी मेमोरियल MRM हॉस्पिटल
बाबूपारा, जोड़ा तालाब के सामने अम्बिकापुर
हड्डी एवं जोड़ प्रत्यारोपण जांच परामर्श ओपीडी सेवाएँ
डॉ. प्रतीक धाबलिया
Joint Replacement and Trauma Surgeon
MS Ortho (Mumbai), MRCS(a) (London, UK),
Fellowship in Minimally invasive Joint Replacement (Mumbai)
Fellowship in Robotic Joint replacement (USA)
22 जून 2025, रविवार को अम्बिकापुर में ओपीडी सेवा के लिए उपलब्ध रहेंगे।
समयः- दोपहर 11:00 से 03:00 बजे तक
स्थानः- माता राजरानी मेमोरियल MRM हॉस्पिटल (तेज डायग्नोस्टिक ), बाबूपारा जोड़ा तालाब के सामने, अंबिकापुर ( छ.ग.)
अनुभवी और बड़ी टीम द्वारा
सभी प्रकार के हड्डी रोगों का इलाज...
क्या आप निम्नलिखित समस्याओं से पीड़ित है ?
• सीढ़ी चढ़ने व उतरने में परेशानी होना।
• घुटने एवं कूल्हे के जोड़ों में दर्द व सूजन।
• कमर में तकलीफ।
• खेल के दौरान लगी चोट एवं फ्रैक्चर।
• मांसपेशियों में लगी चोट।
• घुटने एवं कंधे के लिगामेंट में चोट।
• कंधे के जोड़ में अकड़न और दर्द।
आपको या किसी परिचित को परामर्श लेना हो तो
रजिस्ट्रेशन एवं अधिक जानकारी हेतु सम्पर्क करें :
अग्रिम पंजीयन हेतु संपर्क करे
07774222555,9425583780,
9826183780,8224007799
8718003300,6262639090
आयुष्मान योजना द्वारा भर्ती, सर्जरी, उपचार एवं जॉंच की सुविधा उपलब्ध

## जनदर्शन में कलेक्टर ने आमजनों की सुनी समस्याएं

**बलरामपुर (अम्बिकावाणी समाचार)।** संयुक्त जिला कार्यालय भवन के सभाकक्ष में समय-सीमा की बैठक पश्चात जनदर्शन का आयोजन किया गया। आयोजित साप्ताहिक जनदर्शन में पहुंचे ग्रामीणों एवं आम नागरिकों ने जनदर्शन में अपनी समस्याओं को सीधे कलेक्टर के समक्ष रखा। कलेक्टर श्री कटारा ने आमजनों से प्राप्त शिकायत एवं समस्याओं को गंभीरता पूर्वक सुना। कलेक्टर श्री कटारा ने जनदर्शन में प्राप्त सभी आवेदनों को प्राथमिकता के साथ शीघ्र निराकरण करने हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए।

पहला कालम

## महिला पतंजलि योग समिति ने विभिन्न स्थानों पर मनाया अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस



**अम्बिकापुर (अम्बिकावाणी समाचार)।**
अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर आयोजित योग महोत्सव महिला पतंजलि योग समिति की जिला अध्यक्ष योग शिक्षिका ममता अग्रवाल द्वारा प्रजापिता ब्रह्माकुमारी मैं योग कराया गया। योग शिक्षिका ममता अग्रवाल एवं नीलम सावकर द्वारा कुंडला सिटी बनभौरी मंदिर में योग कराया गया।

११वे अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में योग कराया गया।महिला पतंजलि योग समिति की महामंत्री योग शिक्षिका पूनम पांडे द्वारा ११वे अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर पार्वती कॉलेज मदनपुर में योग कराया गया। योग शिक्षिका रेणुका शुक्ला द्वारा ११ वे अंतर्राष्ट्रीय दिवस पर बाल गृह बालिका छात्रावास में योग करवाया गया।योग शिक्षिका पदमा केसरी द्वारा अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर अपने निजी निवास पर महिलाओं को योग कराया गया।योग शिक्षिका सीमा गुप्ता द्वारा ११ वे अंतर्राष्ट्रीय दिवस पर सरगवा गांधी कस्तूरबा छात्रावास में योग कराया गया।योग शिक्षिका रीता अम्बष्ट एवं सीमा बारी द्वारा गोधनपुर बारीपारा में बच्चों के साथ ११वे अंतर्राष्ट्रीय योग उत्सव मनाया गया ।योग शिक्षिका रेणुका शुक्ला द्वारा कलेक्टट हनुमान मंदिर प्रांगण में योग कराया गया।

# डीएवी बिश्रामपुर में योग और हरियाली का संगम

**बिश्रामपुर (अम्बिकावाणी समाचार)।**
नगर के डीएवी पब्लिक स्कूल में ११ वाँ अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस योग संगम एवं हरित योग थीम पर पूरे उत्साह और भव्यता के साथ मनाया गया। प्राचार्य एचके पाठक के अगुआई में वरिष्ठ क्रीड़ा शिक्षक पीके वैद्य व खेल शिक्षिका चित्रावती मिश्रा के निर्देशन में छात्र-छात्राओं, शिक्षकों, कर्मचारियों एवं एनएसएस स्वयंसेवकों ने मिलकर सामूहिक रूप से योगाभ्यास किया। इस अवसर पर सूर्यनमस्कार, वृक्षासन, भुजंगासन, शशांकासन, शवासन सहित विभिन्न योगासन और अनुलोम-विलोम, कपालभाति, भ्रामरी, शीतली जैसे प्राणायाम का अभ्यास किया गया। योग के माध्यम से स्वस्थ, तनावमुक्त एवं अनुशासित जीवनशैली की प्रेरणा दी गई। कार्यक्रम के दूसरे चरण में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई व



विद्यालय परिवार द्वारा एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत विद्यालय परिसर में अशोक, आम, जामुन व मौलश्री जैसे पौधों का पौधरोपण किया गया। आयोजन में अभिभावक प्रतिनिधि राकेश कुमार चौहान प्रोजेक्ट रेंज ऑफिसर, वन विभाग व अन्य शामिल हुए। प्राचार्य एचके पाठक ने योग को जीवन का अनिवार्य हिस्सा बनाने और पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता का संदेश देते हुए कहा कि स्वस्थ जीवन के लिए योग और स्वच्छ पर्यावरण दोनों आवश्यक हैं। हमें न केवल अपने शरीर को स्वस्थ रखना है, बल्कि अपनी धरती को भी हरा-भरा बनाए रखना है। मुख्य अतिथि एसईसीएल बिश्रामपुर के महाप्रबंधक एवं विद्यालय प्रबंधन समिति अध्यक्ष डॉ. संजय सिंह ने सभी को योग दिवस की शुभकामनाएं देते हुए सभी के स्वस्थ जीवन की कामना की। कार्यक्रम को सफल बनाने में रासेयो अधिकारी एलआर साहू, पीके वैद्य, नीलम पांडेय, एमके सारंगी सहित विद्यालय परिवार सक्रिय रहा। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ हिन्दी शिक्षिका शोभा नामदेव ने किया। आयोजन का समापन सामूहिक शांति पाठ के साथ किया गया। इसी तरह गौरीशंकर मंदिर दशहरा मैदान में स्थित आडिटोरियम में एसईसीएल क्षेत्रीय प्रबंधन द्वारा सामूहिक रूप से अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। ग्राम पंचायत साल्ही के हायर सेकेंडरी स्कूल में भी योग अभ्यास कार्यक्रम किया गया। इस दौरान सरपंच श्रीमती कमलो सिंह, सरपंच प्रतिनिधि सुनील सिंह, उपसरपंच राहुल साहू व अन्य उपस्थित थे।

**१० वीं बटालियन कनकपुर में भी सामूहिक योगा अभ्यास**

दसवीं बटालियन कनकपुर सिलफिली में भी योग संगम कार्यक्रम अंतर्गत योगाभ्यास का आयोजन सेनानी प्रशांत कतलम एवं जिला आयुष अधिकारी डॉ. अबुल फैज के मार्गदर्शन में योग शिविर प्रभारी डॉ. संतोष सिंह आयुष केंद्र सोनगरा द्वारा कॉमन योगा प्रोटोकॉल का अभ्यास कर विभिन्न बीमारियों एवं बेहतर स्वास्थ्य के लिए योग के अलग-अलग आसन एवं प्राणायाम के बारे में बताते हुए योग अभ्यास कराया गया। इस दौरान बटालियन के कंपनी कमांडर प्रमोद सिंह, श्रीनिवास, सीआर गबेल, पीसी शिवजी यादव, अजय विश्वकर्मा, एपीसी नरेंद्र साहू, सुशील तिवारी, सहदेव तोमर, आरोग्य भारती सरगुजा के निशांत पाण्डेय, अजय पासवान, गुलाब झरी व अन्य उपस्थित रहे।

## नगर के आधे हिस्से की स्ट्रीट लाइट बंद,बारिश में दुर्घटना का भय



**बिश्रामपुर (अम्बिकावाणी समाचार)।**
नगर से गुजरे नेशनल हाईवे ४३ में एसईसीएल के सीएसआर मद से करीब चार वर्ष पूर्व स्थापित कराए गए स्ट्रीट लाइट कुप्रबंधन की वजह से व्यवस्था बदहाल है जिससे लोगों को इसका लाभ नहीं मिल पा रहा और लोग दुर्घटना के शिकार हो रहे।बता दें कि एसईसीएल द्वारा एन एच में लगाया गया स्ट्रीट लाइट के देखरेख व व्यवस्थापन की जिम्मेदारी नगर पंचायत शिवनंदनपुर,ग्राम पंचायत सतपता एवं ग्राम पंचायत केशवनगर के जिम्मे है। शिवनंदनपुर ग्राम पंचायत का हाल ही में उन्नयन हो जाने के बाद बस स्टैंड से लेकर अम्बेडकर चौक डीएमक्यू कॉलोनी तक के हिस्से में लगा स्ट्रीट लाइट नियमित जल रहा लेकिन नगर पंचायत की सीमा के ठीक बाद सरकारी अस्पताल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से आगे की स्ट्रीट लाइट पखवाड़े भर से अधिक समय से बंद पड़ी है।बारिश के समय के स्ट्रीट लाइट बंद होने से राहगीरों सहित स्थानीय व्यवसाईयों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है सबसे अधिक परेशानी बारिश में मवेशियों के सड़क में डेरा जमा लेने से मुसीबत और बढ़ गई है,अंधेरे के कारण रोज हादसे हो रहे लेकिन इस ओर किसी का ध्यान नहीं है।

**एन एच द्वारा लगाया हाई मास्ट और स्ट्रीट लाइट भी बंद**

वही नेशनल हाईवे अथॉरिटी द्वारा एनएच में चिन्हांकित किए गए दुर्घटना जन्य स्थलों चौक में लगाए गए हाई मास्ट लाइट और स्ट्रीट लाइट आज तीन चार माह से बंद पड़े हैं स्थानीय लोगो ने इस संबंध में कलेक्टर को भी शिकायत किया लेकिन एन एच प्रबंधन को इसका तनिक भी असर नहीं हुआ।बताया जाता है कि नाली निर्माण के दौरान केबल कटने से रेहर गायत्री मार्ग कुरुआ मोड से लेकर आनंद रिंहदम तक लगी स्ट्रीट लाइट हाई मास्ट लाइट बंद पड़ी है इस ओर न तो हाइवे अधिकारियों का ध्यान है और न ही जिला प्रशासन के अधिकारियों जिससे कभी भी गंभीर दुर्घटना की संभावना बनी है।स्थानीय लोगो का कहना है कि जब लाइट जलनी ही नहीं है तो फिर करोड़ रु क्यों फूंका गया।लंबे समय से लाइट बंद होने से दुर्घटना की संभावना बनी हुई है।

# लटोरी में जलजमाव बना राहगीरों व आमजन के लिए मुसीबत का सबब

## निकासी की व्यवस्था नहीं जिससे बढ़ी परेशानी

**बिश्रामपुर (अम्बिकावाणी समाचार)।**
चार पांच दिनों से लगातार हो रही बारिश का असर अब दिखना शुरू हो गया है।लटोरी-दतिमा मुख्य मार्ग पर स्थित लटोरी के दुर्गा पंडाल के पास इस समय जलजमाव की स्थिति ने स्थानीय सहित राहगीरों को परेशान कर दिया है। विशेष रूप से गांव के प्रमुख सामाजिक स्थल दुर्गा पंडाल के पास की सड़क पर गंदे पानी का जमाव इतना अधिक हो चुका है कि न केवल पैदल चलना दूभर हो गया है, बल्कि दोपहिया वाहन चालकों के लिए भी यह मार्ग एक जानलेवा जोखिम बन गया है। लोगों ने सूरजपुर जिला प्रशासन और संबंधित विभागीय अधिकारियों से



नाली निर्माण की वर्षों पुरानी मांग को तत्काल पूरा करने की गुहार लगाई है। साथ ही जब तक निर्माण कार्य शुरू नहीं होता, तब तक पानी निकासी की वैकल्पिक व्यवस्था की भी आवश्यकता पर जोर दिया गया है। गौरतलब है कि लटोरी दुर्गा पंडाल के पास पिछले कुछ दिनों से लगातार हो रही बारिश की वजह से सड़क किनारे नाली निर्माण के अभाव में बारिश के पानी का जमाव होने से यहां अब अस्थाई तालाब का रूप धारण कर लिया है। बारिश के पानी के साथ घरों से निकलने वाला गंदा पानी भी इस सड़क पर बह रहा है, जो एकत्र होकर बदबू और बीमारियों का घर बन चुका है। कीचड़ से पटी यह सड़क अब कीड़े-मकोड़ों और मच्छरों की शरणस्थली बन चुकी है। लोगों का कहना है कि छोटे-छोटे बच्चे स्कूल जाते हैं, लेकिन यह रास्ता ऐसा हो गया है जैसे किसी गंदे नाले से होकर गुजरना हो। कई बार बच्चे गिर चुके हैं। कोई दुर्घटना हो जाए, तो उसकी जिम्मेदारी कौन लेगा। कई बार इस गंभीर स्थिति की सूचना अधिकारियों को दी गई है, पर अब तक सिर्फ आश्वासन ही मिला है।

## जिले में 24 से 26 जून तक आयोजित होंगे

**अम्बिकापुर (अम्बिकावाणी समाचार)।**
छत्तीसगढ़ परिवहन विभाग द्वारा हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन प्लेट (॥स्क्रक्क ) को लेकर विशेष अभियान चलाया जा रहा है। केन्द्रीय मोटरयान अधिनियम, १९८८ और मोटरयान नियम, १९८९ के अंतर्गत तथा माननीय उच्चतम न्यायालय के आदेशों के अनुपालन में, १ अप्रैल २०१९ के पूर्व पंजीकृत सभी वाहनों पर ॥स्क्रक्क लगवाना अनिवार्य किया गया है। इसी क्रम में परिवहन आयुक्त कार्यालय, नवा रायपुर से प्राप्त निदेर्शों के तहत सरगुजा जिले में २४ जून से २६ जून २०२५ तक तीन दिवसीय ॥स्क्रक्क शिविरों का आयोजन किया जाएगा।

शिविर कार्यक्रम इस प्रकार रहेगा २४ जून २०२५ को अजिरमा बाजार, २५ जून २०२५ को भारत माता चौक और २६ जून २०२५ को शंकरघाट बैरियर, अंबिकापुर, समय प्रतिदिन प्रातः १०:०० बजे से सायं ५:०० बजे तक शिविर आयोजित किया जाएगा।

इन शिविरों का नेतृत्व परिवहन निरीक्षक श्री मिथलेश कुमार वर्मा करेंगे। उनके साथ नियुक्त दल में नगर सैनिक श्री विष्णु भास्कर (मो. ८४६१९८८३६७), श्री कुलदीप सिंह (मो. ८८२-१८७७३८०) और ॥स्क्रक्क ऑपरेटर श्री अंकित राज, श्री अनमोल एवं श्री सुखी राम शामिल रहेंगे।

परिवहन विभाग ने जिले के सभी वाहन स्वामियों से अपील की है कि वे नियत तिथियों पर निकटतम शिविर स्थल में पहुंचकर अपने वाहनों में ॥स्क्रक्क लगवाएं और शासन के दिशा-निदेर्शों का पालन करें।

## भारतीय स्टेट बैंक की 70वीं वर्षगांठ पर रक्तदान शिविर का आयोजन

**अम्बिकापुर (अम्बिकावाणी समाचार)।**
भारतीय स्टेट बैंक की ७० वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में राष्ट्रव्यापी सामाजिक दायित्व अभियान के अंतर्गत भारतीय स्टेट बैंक, क्षेत्रीय व्यवसाय कार्यालय, अंबिकापुर द्वारा तीन दिवसीय रक्तदान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह प्रेरणादायक शिविर दिनांक २३, २४ और २५ जून २०२५ को भारतीय स्टेट बैंक, क्षेत्रीय व्यवसाय कार्यालय (प्रथम तल), गुरु गोविन्द सिंह टॉवर, अंबिकापुर में आयोजित होगा। इस पुनीत कार्य में भारतीय स्टेट बैंक के अधिकारीगण, कर्मचारीगण एवं ग्राहकगण उत्साहपूर्वक भाग लेंगे। इस आयोजन में भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी, जिला शाखा सरगुजा एवं राजमाता श्रीमती देवेंद्र कुमारी सिंहदेव शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय संबद्ध चिकित्सालय ब्लड सेंटर, अंबिकापुर का महत्वपूर्ण सहयोग प्राप्त हो रहा है। इस अवसर पर भारतीय स्टेट बैंक, अंबिकापुर क्षेत्रीय कार्यालय के वरिष्ठ अधिकारियों ने सभी नागरिकों, ग्राहकों एवं समाजसेवियों से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में रक्तदान कर मानवता की सेवा में सहभागी बनें। यह शिविर बैंक की सामाजिक प्रतिबद्धता का प्रतीक है और यह अंचल में रक्तदान के प्रति जागरूकता और सेवा भावना को प्रोत्साहित करेगा।

# ड्रेस कोड लागू होने से कपड़ा व्यवसाई और दर्जियों की होगी चांदी

**बिश्रामपुर(अम्बिकावाणी समाचार)।**
कोल इंडिया लिमिटेड और इसकी अनुषांगिक कंपनियों में कार्यरत दो लाख से अधिक कर्मचारियों और अधिकारियों के लिए इस साल एक ऐतिहासिक बदलाव होने जा रहा है। १ जुलाई से सभी कर्मचारियों पर एक समान ड्रेस कोड लागू कर दिया गया है। इससे न सिर्फ कार्यस्थल पर एकरूपता नजर आएगी बल्कि देशभर के कपड़ा बाजार और दर्जी उद्योग को भी जबरदस्त आर्थिक लाभ पहुंचेगा। प्रबंधन द्वारा ड्रेस कोड लागू करने के साथ ही प्रत्येक कर्मचारी के लिए १२५०० रुपए का ड्रेस भत्ता अग्रिम रूप से जारी कर दिया गया है। इस राशि का उपयोग कर्मचारी साल में तीन जोड़ी गणवेश खरीदने के लिए करेंगे। यह व्यवस्था हर साल जारी रहेगी। इस वर्ष ड्रेस कोड के लिए २७४ करोड़ ९३ लाख ८७ हजार ५०० रुपए की राशि खर्च की गई है, जो सीधे बाजार में पहुंचेगी। ज्ञात हो कि १ मई की स्थिति के अनुसार कोल इंडिया लिमिटेड और उसकी अनुषांगिक कंपनियों में कुल २१९-९५१ कर्मचारी कार्यरत हैं। इनमें नॉन एग्जीक्यूटिव कर्मचारी २०४ ९४२ एवं एग्जीक्यूटिव अधिकारी १५००९ हैं। ड्रेस कोड इन दोनों वर्गों के लिए समान रूप से लागू किया गया है। इससे कर्मचारियों में अनुशासन, एकजुटता और व्यावसायिकता की भावना को और अधिक बढ़ावा मिलेगा। बताया जा रहा है कि ड्रेस कोड व्यवस्था से सबसे बड़ा फायदा खनन क्षेत्रों में स्थित स्थानीय कपड़ा दुकानों और दर्जियों को होगा। चूंकि कर्मचारियों को खुद कपड़ा खरीदकर उसकी सिलाई करानी है, इसलिए इस योजना के तहत हर साल बड़ी मात्रा में पैसा स्थानीय बाजार में प्रवाहित होगा, जिससे रोजगार के नए अवसर भी बनेंगे। इस नई व्यवस्था को लेकर कर्मचारियों के बीच काफी उत्साह देखा जा रहा है। उनका मानना है कि एक समान गणवेश से न केवल कार्यस्थल की गरिमा बढ़ेगी, बल्कि उनकी पहचान भी और सशक्त होगी। कोल इंडिया द्वारा लागू किया गया यह ड्रेस कोड न सिर्फ एक प्रतीकात्मक बदलाव है, बल्कि इससे व्यवसायिक संस्कृति में सुधार, स्थानीय व्यवसायों को प्रोत्साहन और कर्मचारियों में समानता की भावना को भी बल मिलेगा।

## अनुजनगर में जमीन विवाद केस दर्ज

**बिश्रामपुर (अम्बिकावाणी समाचार)।**
ग्राम पंचायत अनुजनगर में जमीन को लेकर दो पक्षों के बीच का विवाद उस वक्त विस्फोटक हो गया, जब निमार्णाधीन मकान पर काम कर रहे मजदूरों को अचानक धमकी, गाली-गलौज और तोड़फोड़ का सामना करना पड़ा। लटोरी पुलिस ने बताया कि प्रार्थी निमिष अग्रवाल ४५ वर्ष निवासी जवाहर नगर अंबिकापुर ने रिपोर्ट किया कि वे अनुजनगर स्थित अपनी निजी जमीन खसरा नंबर १०४७/२, १०४७/३, १०४७/५ पर बाउंड्रीवाल का निर्माण कार्य करवा रहे थे। शनिवार की सुबह करीब ११ बजे उन्हें फोन पर बताया गया कि कुछ स्थानीय लोग मजदूरों से झगड़ रहे हैं, बिजली कनेक्शन काट दिया गया है और घर का ताला तोड़कर सामान को बाहर फेंका जा रहा है। हड़बड़ाए निमिष अपने बेटे यज्ञाश अग्रवाल और दो अन्य सहयोगियों गोपाल मंडल व बालेश्वर के साथ मौके पर पहुंचे। यहां पर पहुंचने उपरांत ग्राम पंचायत अनुजनगर निवासी सरोज, लुकाम, रामेश्वर, बॉबी, पुष्पा, सुंदरी और मनोज द्वारा गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी दी गई। साथ ही देखते ही देखते घर की दीवारें, खिड़की-दरवाजे तोड़े गए और तिरपाल तक उखाड़ ले जाया गया। घटना में लगभग ८०००० रुपए का नुकसान होने की बात कही जा रही है। पुलिस ने रिपोर्ट पर आरोपियों के खिलाफ धारा २९६, ३५१(२), ३२४ (४) और १९१ के तहत मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है।

## अवकाश के दिनों में भी खुली रहेंगी खाद बीज समितियां, कलेक्टर ने जारी किया आदेश

**अम्बिकापुर (अम्बिकावाणी समाचार)।**
जिले में लगातार हो रही वर्षा के मद्देनजर लैम्पस समितियों में कृषकों द्वारा खाद-बीज की मांग की जा रही है। कृषकों के हित को ध्यान में रखते हुए तथा किसानों को समय पर खाद-बीज उपलब्ध कराने के लिए सरगुजा कलेक्टर एवं प्राधिकृत अधिकारी श्री विलास भोसकर ने सरगुजा, बलरामपुर, सूरजपुर, कोरिया, मनेन्द्रगढ़ के आदिम जाति सेवा सहकारी समिति मर्यादित के समस्त समिति प्रबंधकों को पत्र जारी कर अवकाश के दिनों में समितियां खुली रखने निर्देशित किया है।

# झांसे में लेकर दुष्कर्म ,आरोपी गिरफ्तार

**अम्बिकापुर (अम्बिकावाणी समाचार)।**
थाना लखनपुर पुलिस टीम द्वारा दुष्कर्म के मामले में आरोपी को गिरफ्तार किया गया है।

आरोपी द्वारा पीड़िता कों पसंद करने की बात बोलकर झांसे मे लेकर घटना कारित की गई थीं।

पुलिस ने बताया कि प्रार्थिया २१ जून को थाना लखनपुर आकर रिपोर्ट दर्ज कराई कि घटना दिनांक १७ जून कों प्रार्थिया की नाबालिग लड़की घर से बिना बताये कही चली गई है, आस पास पता तलाश करने पर भी नहीं मिल रही है, प्रार्थिया द्वारा शंका व्यक्त किया गया कि कोई अज्ञात युवक प्रार्थिया की नाबालिग लड़की कों बहला फुसला कर भगा कर ले गया है। मामले मे प्रार्थिया की रिपोर्ट पर थाना लखनपुर मे धारा १३७(२)बी. एन. एस. का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया गया।

दौरान विवेचना पुलिस टीम द्वारा अपहता बालिका कों बरामद कर महिला पुलिस अधिकारी द्वारा नाबालिग से घटना के सम्बन्ध मे पूछताछ किये जाने पर चैनपुर थाना लखनपुर निवासी रोहित सारथी द्वारा




पीड़िता कों पसंद करने की बात बोलकर बहला फुसला कर झांसे मे लेकर भगा ले जाकर जबरन दुष्कर्म की घटना कारित करना बताई है, पुलिस टीम द्वारा मामले के आरोपी रोहित सारथी कों पकड़कर पूछताछ किया गया । आरोपी द्वारा अपना नाम रोहित सारथी आत्मज फेकू लाल सारथी उम्र १९ वर्ष निवासी चैनपुर थाना लखनपुर का होना बताया, आरोपी से घटना के सम्बन्ध मे पूछताछ किये जाने पर घटना कारित किया जाना स्वीकार किया गया, आरोपी के विरुद्ध अपराध सबूत पाये जाने से प्रकरण मे धारा ६४(२)(ड) बी.एन.एस. एवं पोक्सो एक्ट की धारा ४,६ जोड़कर प्रकरण मे आरोपी कों गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया हैं।

सम्पूर्ण कार्यवाही मे थाना प्रभारी लखनपुर निरीक्षक शशिकान्त सिन्हा, सहायक उप निरीक्षक निर्मला कश्यप, प्रधान आरक्षक पीताम्बर सिंह, श्याम सुन्दर, दशरथ राजवाड़े सक्रिय रहे।

# मेरा वास्तविक जीवन प्रेम है; युग का टूटा है दिल

## शबीर आहलूवालिया ने सोनी सब के 'उफ्फ... ये लव है मुश्किल' में किरदार की विपरीत भावनाओं पर की बात

मुंबई। सोनी सब का रोमांटिक ड्रामा उफ्फ ये लव है मुश्किल अपनी ताजगी भरी कहानी और भावनात्मक रूप से समृद्ध किरदारों के कारण दर्शकों का दिल जीत रहा है। इस दिलचस्प कहानी के केंद्र में हैं एडवोकेट युग सिन्हा, जिनकी भूमिका निभा रहे हैं प्रतिभाशाली शबीर आहलूवालिया — एक ऐसा व्यक्ति जो बाहर से आकर्षक और सहज दिखाई देता है, लेकिन अंदर ही अंदर गहरे जख्म छुपाए हुए है। ऑन-स्क्रीन गंभीर और जटिल युग का किरदार निभाने वाले शबीर असल जिंदगी में बेहद गर्मजोश, जमीन से जुड़े और पारिवारिक व्यक्ति हैं। उनका जीवन प्रेम, हंसी और गहरे व्यक्तिगत रिश्तों से भरा है। वे एक समर्पित पति, स्नेही पिता और भावनाओं को खुलकर व्यक्त करने वाले इंसान के रूप में जाने जाते हैं। वहीं युग एकदम विपरीत है — वह भावनात्मक रूप से दूर है, औरतों को दूर रखता है, कठोरता का नकाब पहनता है और प्रेम में विश्वास खो चुका है। शबीर के लिए युग का यह दर्द और



भावनात्मक दीवारें निभाना एक चुनौतीपूर्ण लेकिन रोमांचक अनुभव रहा, जिसने उन्हें अभिनय की पारंपरिक सीमाओं से बाहर निकलने पर मजबूर किया।

हाल ही में शबीर ने युग जैसे अपने असली व्यक्तित्व से एकदम अलग किरदार निभाने को लेकर अनुभव साझा किया। उन्होंने कहा कि असल जिंदगी में मैं हमेशा प्रेम से घिरा रहता हूं। मैं आसानी से हंसता हूँ और अपने जज्बातों को खुलकर जाहिर करता हूँ। लेकिन युग इसके बिलकुल विपरीत है। उसने अपने चारों ओर एक दीवार बना ली है और किसी को भी पास नहीं आने देता। जब मैंने पहली बार सेट पर कदम रखा, तो मुझे अपनी वही गर्मजोशी और खुलापन बंद करना पड़ा, जो मेरी पहचान है, और उस इंसान में बदलना पड़ा जो कोल्ड और संयमित है।

शुरू में यह असहज था, ऐसा लग रहा था जैसे मैं अपने स्वभाव के विरुद्ध जा रहा हूं। लेकिन इसी ने इसे रोमांचक बनाया। इस किरदार ने मुझे एक अभिनेता के तौर पर भीतर तक झांकने और खुद को चुनौती देने का मौका दिया। मेरी असलियत प्रेम है; युग की सच्चाई टूटे दिल की। और यही विरोधाभास इस किरदार को निभाना इतना सशक्त बनाता है। इसी वजह से शबीर मानते हैं कि युग अब तक के उनके सबसे दिलचस्प किरदारों में से एक है।

## छोटी खबरें

### एक पल जो वही थम गया..

कितनी उम्मीदें, कितने सपने और कितनी आशाओं के साथ एक फ्लाइट उड़ी थी ..अपने गन्तव्य पर जाने के लिए। हर किसी को जल्दी थी अपने करीबी रिश्तेदार के पास जाने की। किसी माँ की आँखें अपने बच्चे को मिलने को बेताब थी, कोई अपने हमसफर से मिलने को बेचैन था और कोई देश से बिछड़ा नागरिक वापिस अपनी जन्मभूमि का सपना संजो कर उड़ चला था।



पर कुदरत को कुछ और ही मंजूर था...होनी को कोई टाल नहीं सकता। उस फ्लाइट में मेरे अपने निकटतम परिजन जो की रिश्ते में मेरी भांजी लगती है को खोने का मेरा गम उनके माता पिता और पति के गम के आगे कुछ भी नहीं। मेरी आँखें तो उसे याद कर आज भी नम है पर उसके ना रहने से जो सबसे अधिक भावुक है उनका दुःख तो मैं बयां भी नहीं कर सकती।

सपने टूटे, उम्मीदें टूटी और साथ ही टूटे ना जाने कितने ख़्वाब, कितने हौसले। पर ज़िंदगी मानो इम्तिहान लेती है ना जाने कैसे कैसे रूप में। उस इम्तिहान में जो गये उन्हें तो रब ने अपने पास ही बुला लिया। उन्हें खोने का गम भुलाना और अब उनके टूटे सपनों को पूरा करने की नयी उम्मीदें और नये सपने फिर बुने जा रहे है ..नये हौसलों और नये जज्बे के साथ।

ईश्वर उन्हें उन सपनों को पूरा करने की ताकत दे ताकि फिर कोई किस्मत का हारा, नाउम्मीद ये ना कहे कि इस दुनिया में ईश्वर है ही नहीं या उसके इम्तिहान तो खत्म ही नहीं होते!!!



मंदीप कौर टुटेजा
एमडी-एमआरएम हॉस्पिटल

## कैबिनेट मंत्री देवांगन ने आमजनों से योग को जीवन का अभिन्न अंग बनाने का किया आह्वान

**योग, शरीर और मन को स्वस्थ रखने का सर्वोत्तम उपाय है - मंत्री लखन लाल देवांगन**

**रायपुर।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर छत्तीसगढ़ शासन के वाणिज्य, उद्योग व श्रम मंत्री श्री लखन लाल देवांगन के मुख्य आतिथ्य में कोरबा नगरीय क्षेत्र के लोकमाता देवी अहिल्याबाई होल्कर कन्वेन्शन हॉल में जिला स्तरीय सामूहिक योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मंत्री श्री देवांगन ने विभिन्न मुद्राओं का योगाभ्यास कर योग से होने वाले लाभ की जानकारी दी एवं सभी से योग को अपने दैनिक जीवन मे अपनाने का आग्रह किया। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ पवन कुमार सिंह, सभापति श्री नूतन सिंह ठाकुर, कलेक्टर श्री अजीत वसंत, पुलिस अधीक्षक श्री सिद्धार्थ तिवारी, वनमण्डलाधिकारी कोरबा श्री मयंक अग्रवाल सहित अन्य जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक, अधिकारी कर्मचारी, स्कूली छात्र-छात्राएं, स्वास्थ कर्मी, स्वच्छता दीदी एवं बड़ी संख्या में नगरवासियों ने सामूहिक योग कार्यक्रम में हिस्सा लेकर स्वस्थ रहने का संदेश दिया। मुख्य अतिथि कैबिनेट मंत्री श्री देवांगन ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि शरीर व मन को स्वस्थ रखने के लिए योग ही सर्वोत्तम उपाय है। उन्होंने सभी को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की बधाई देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की पहल पर योग को अंतर्राष्ट्रीय पहचान मिली है। उनके आह्वान पर भारत सहित अनेक देशों ने योग को अपनाकर इसे अपनी जीवनशैली में शामिल किया है। उन्होंने कहा कि योग हमारे प्राचीन परंपरा और संस्कृति का अटूट हिस्सा रहा है। पुराने समय में ऋषि मुनि नियमित योग साधना से अनेक बिमारियों से दूर रहते थे। इस हेतु हमें योग को अपने जीवन का हिस्सा बनाना चाहिए। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी की 2047 विकसित भारत की अवधारणा ही है कि देश का हर क्षेत्र में विकास हो, हर व्यक्ति का जीवन सुविधा संपन्न हो, विकसित भारत की अवधारणा को साकार करने के लिए हर नागरिक को स्वस्थ होना होगा, तभी विकसित भारत का सपना पूरा होगा। मंत्री श्री देवांगन ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी का अनुशरण करते हुए प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय भी योग को आगे बढ़ाने का काम कर रहे हैं। आज राज्य के सभी 33 जिलों में विभिन्न स्तरों पर योगाभ्यास किया जा रहा है साथ ही अनेक शासकीय, निजी संस्थाओं, सामाजिक संगठनों में भी योग दिवस उत्साहपूर्वक मनाया जा रहा है। मंत्री श्री देवांगन ने आमजनों से अपने व्यस्त जीवनशैली के बीच अपने शरीर के लिए समय निकालने एवं उत्तम स्वास्थ्य के लिए योग को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाने का आग्रह किया। जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ पवन सिंह ने कहा कि स्वस्थ जीवन के लिए योग बहुत जरूरी है।



## विजय अग्रवाल पुनः बने अग्रवाल समाज के अध्यक्ष

**रायपुर।** अग्रवाल समाज के वरिष्ठ सदस्य व समाज के अध्यक्ष विजय अग्रवाल एक बार पुनः अग्रवाल समाज के निर्विरोध अध्यक्ष चुन लिए गए है। शनिवार को नाम वापसी का अंतिम दिन था और उनके प्रतिद्वंधी सुरेश सुरेश गोयल ने अंतिम समय में अपना नाम वापस ले लिया और विजय अग्रवाल के समर्थकों के भी नाम वापस लेन के बाद निर्वाचन पदाधिकारियों ने विजय अग्रवाल को निर्विरोध अध्यक्ष घोषित कर दिया। निर्विरोध अध्यक्ष चुने जाने के बाद उन्हें बधाई देने वालों का तांता लग गया और उन्होंने जल्द ही अपनी नई कार्यकारिणी की घोषित करने की बात कहीं।

## हांडीपारा के किराना दुकान में आबकारी का छापा, मध्यप्रदेश प्रान्त के कई ब्रांडों के शराब के साथ आरोपी गिरफ्तार



**रायपुर।** आबकारी आयुक्त सह प्रबंध संचालक (सी. एस.एम.सी.एल .) श्री श्याम धावडे, कलेक्टर रायपुर डॉ गौरव कुमार सिंह के निर्देश पर आबकारी विभाग जिला रायपुर द्वारा अन्य प्रान्त के अवैध मदिरा के विरुद्ध कार्यवाहियां जारी हैं। 16 जून को मुखबिर की सूचना पर हांडीपारा रायपुर में एक किराना दुकान में रायपुर के आबकारी टीम के द्वारा छापेमारी कार्यवाही की गई। मौके पर आरोपी कन्हैया लाल लूलिया के आधिपत्य के किराना दुकान से मध्यप्रदेश प्रान्त की 10 नग ब्लेंडर प्राइड व्हिस्की, 4 नग रॉयल स्टैग व्हिस्की तथा 01 नग रॉयल चौलेंज व्हिस्की कुल 15 नग बोतल अवैध मदिरा मात्रा 11.25 बल्क लीटर जब्त की गई। इस आरोपी के विरुद्ध छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम की धारा 34 (2), 36, 59 (क) के तहत आरोपी को गिरफ्तार कर प्रकरण पंजीबद्ध कर मामला विवेचना में लिया गया है। उक्त कार्यवाही टाटीबंध वृत प्रभारी सहायक जिला आबकारी अधिकारी जेबा खान के द्वारा की गई एवं कार्यवाही में सहायक जिला आबकारी अधिकारी श्री रविशंकर पैकरा ,आबकारी उपनिरीक्षक श्री विक्रम सिंह, आबकारी आरक्षक श्री पोखराज शांडिल्य की महत्वपूर्ण भूमिका रही है।

# अमृत सरोवरों के तट पर मनाया गया अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस

## योग दिवस पर हुए कई आयोजन और बारिश में पौधरोपण



**कोरिया बैकुंठपुर।** कोरिया जिले में आज सुबह से ही बारिश ने अपना रंग जमाया था और आषाढ़ की फुहारों के बीच गांव गांव में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पूरे उल्लास से मनाया गया। इस अवसर पर ग्राम पंचायतो में विविध आयोजन किए गए। पहले योगाभ्यास किया गया और फिर देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा ग्राम पंचायत सरपंचों को प्रेषित संदेश का वाचन किया गया। साथ ही अमृत सरोवर तटों पर हरित योग संगम को क्रियान्वित करने हेतु एक पेड़ मां के नाम लगाए गए। इन सभी गतिविधियों में सरपंच और अन्य जनप्रतिनिधियों ने बढ़कर हिस्सा लिया।

कलेक्टर कोरिया एवं जिला कार्यक्रम समन्वयक महात्मा गांधी नरेगा श्रीमती चंदन त्रिपाठी के मार्गदर्शन में पूरे जिले में योग दिवस का आयोजन किया गया। जिला पंचायत सीईओ डॉ आशुतोष चतुर्वेदी ने बताया कि विश्व योग दिवस के आयोजन के संबंध में राज्य स्तर से प्राप्त विस्तृत दिशा निर्देष के तारतम्य में ग्राम पंचायतों में यह कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। विश्व योग दिवस के आयोजन में विशेष तौर पर ग्राम पंचायतों के सरपंच, पंच, स्थानीय ग्रामीणों, जनप्रतिनिधियों के साथ शासकीय कर्मचारियों के साथ मनरेगा के पंजीकृत श्रमिक अमृत सरोवरों के तट पर योग के आसन, प्राणायाम और ध्यान आदि के सहज क्रियाओं का अभ्यास करने के लिए उपस्थित रहे।

इसके बाद ग्राम पंचायत भवनों और सरोवर तटों पर साफ सफाई अभियान चलाया गया। सौ से ज्यादा ग्राम पंचायत सरपंचों ने हरित योग संगम से जुड़ते हुए एक पेड़ मां के नाम लगाकर प्रकृति के लिए अपनी कृतज्ञता जताई। आज सभी ग्राम पंचायतों में योग के साथ ही देश के प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी का ग्राम पंचायत के सरपंचों के नाम संदेश वाचन किया गया। जिले में बारिश से अधिकांश अमृत सरोवरों के तट पर योग का आयोजन नहीं हो सका, उन ग्राम पंचायत भवनों में योग अभ्यास किया गया। इसके बाद जनभागीदारी से आस पास परिसर में साफ सफाई अभियान चला कर हरित योग संगम अंतर्गत पौधे लगाए गए। इस अवसर पर सभी ग्राम पंचायतों में सरपंच, पंच एवं अन्य जनप्रतिनिधियों ने बढ़कर अपनी सहभागिता दर्ज कराई।

# कुनकुरी को मिली बड़ी सौगात, मुख्यमंत्री ने मातृ शिशु चिकित्सालय की रखी आधारशिला

00 8.77 करोड़ की लागत से बनेगा 50 बिस्तरीय मातृ शिशु चिकित्सालय
00 सुरक्षित मातृत्व और स्वस्थ बचपन की ओर एक सशक्त कदम
00 50 लाख की लागत से तैयार होगा ब्लॉक पब्लिक हेल्थ यूनिट



**जशपुर।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आज कुनकुरी को एक बड़ी सौगात दी। उन्होंने गिनाबहार में 8.77 करोड़ की लागत से बनने वाले 50 बिस्तरीय मातृ शिशु चिकित्सालय और 50 लाख की लागत से तैयार होने वाले ब्लॉक पब्लिक हेल्थ यूनिट का भूमिपूजन किया।

इस अवसर मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि आज जिले में स्वास्थ्य के क्षेत्र में विकास की एक और कड़ी जुड़ रही है। इस अस्पताल के निर्माण से इस क्षेत्र की माताओं बहनों और बच्चों को काफी लाभ होगा। कुनकुरी के साथ ही फरसा बहार, कांसाबेल और दुलदुला क्षेत्र के लोग इससे लाभान्वित होंगे। उन्होंने आगे कहा कि स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार के लिए लगातार काम कर रहे हैं। जशपुर में 200 बेड अस्पताल का निर्माण होने जा रहा है। इसका टेंडर लग चुका है। इस बजट में यहां मेडिकल कॉलेज खोलने का प्रावधान किया गया है। यहां नर्सिंग और फिजियोथेरेपी कॉलेज खोले जाएंगे। आयुष्मान कार्ड और जेनरिक दवा दुकानों के माध्यम से किफायती इलाज उपलब्ध करा रहे हैं। वय वंदन योजना का लाभ सभी वर्ग के वृद्ध जनों को मिलेगा, यह स्वास्थ्य सुरक्षा के लिए एक महत्वपूर्ण योजना है। मितानिनों के मानदेय की राशि ऑनलाइन प्रदान करने की सुविधा की शुरूआत किए है। जिससे समय पर उनको भुगतान हो सके।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि मोदी की गारंटी को पूरा करने का काम कर रहे हैं। पीएम आवासों का निर्माण तेजी से हो रहा है। किसानों से किए वादे को पूरा करते हुए 21 क्विंटल धान खरीदी कर रहे हैं। किसानों को 31 सौ रुपए धान की कीमत दे रहे हैं। तेंदूपत्ता की राशि बढ़ाकर 55 सौ रुपए प्रति मानक बोरा दे रहे हैं। कल से चरण पादुका वितरण का कार्यक्रम देश के गृह मंत्री श्री अमित शाह के करकमलों से प्रदेश में शुरू होगा। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि महतारी वंदन योजना से 70 लाख से अधिक माताओं बहनों के आर्थिक सशक्तिकरण के उद्देश्य से हर माह 1 हजार रुपए प्रदान कर रहे हैं। 5 लाख 60 हजार भूमिहीन कृषि श्रमिकों को भी 10 हजार रुपए की राशि प्रदान किए हैं। पंचायतों में सीएससी सेंटर खोलने का काम कर रहे हैं। यहां ग्रामीणों को बैंकिग सुविधाओं का लाभ मिलेगा, उन्हें बैंक से पैसे निकालने और जमा करने अब दूर नहीं जाना पड़ेगा। अगले पंचायती राज दिवस तक सभी पंचायतों में यह सीएससी सेंटर खोलने के लक्ष्य के साथ काम कर रहे हैं। जन सुविधाओं के लिए लगातार रिफॉर्म किया जा रहा है। जमीन की रजिस्ट्री में नई क्रांतियां लाएं हैं। अब जमीन की रजिस्ट्री के साथ नामांतरण हो जाएगा। साथ ही फर्जी रजिस्ट्री पर रोकथाम लगेगी। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि आज विश्व योग दिवस का दिन है। आप सबसे आग्रह है कि आप अपनी दिनचर्या में योग को जरूर शामिल करें। अच्छे स्वास्थ्य के लिए शरीर की स्वच्छता के साथ मन को संतुलित करने के लिए योग आवश्यक है। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष श्री सालिक साय, जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्री शौर्य प्रताप सिंह जूदेव, कमिश्नर श्री नरेंद्र दुग्गा, आईजी श्री दीपक कुमार झा, कलेक्टर श्री रोहित व्यास, पुलिस अधीक्षक श्री शशिमोहन सिंह, जिला पंचायत सीईओ श्री अभिषेक कुमार, श्री भरत सिंह, श्री कृष्ण कुमार राय, श्री सुनील गुप्ता, श्री उपेन्द्र यादव, श्री राजकुमार गुप्ता, श्री अमन शर्मा, श्री गोपाल कश्यप, श्री मनोज जायसवाल, श्री राजेश चौधरी, श्री यशवंत यादव, श्री विकास नाग, जनप्रतिनिधिगण, अधिकारी-कर्मचारी और ग्रामीणजन मौजूद थे।

**सुरक्षित मातृत्व और स्वस्थ बचपन की दिशा में एक सशक्त कदम** - 50 बिस्तर मातृ एवं शिशु अस्पताल के निर्माण होने से कुनकुरी विकासखण्ड के साथ आस पास तीन और विकासखण्ड फरसाबहार, कांसाबेल, दुलदुला क्षेत्र की महिलाओं और बच्चों को इलाज का लाभ मिलेगा। उन्हें कहीं दूर जाने की जरूरत नहीं पड़ेगी। गर्भवती महिलाओं को उपचार और प्रसव संबंधी सुविधाएं मिलने के साथ उनकी नियमित स्वास्थ्य जांच भी यहां हो सकेगी। विशेषज्ञ चिकित्सकों की उपलब्धता से बच्चों के गंभीर रोगों के उपचार में सहूलियत होगी। आस पास के ग्रामीण क्षेत्रवासियों के लिए यह एक बड़ी राहत होगी। वहीं 50 लाख की लागत से तैयार होने वाले ब्लॉक पब्लिक हेल्थ यूनिट के निर्माण से आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र में लैब जाँच की सुविधा का भी लाभ मिलेगा। मातृ शिशु चिकित्सालय और ब्लॉक पब्लिक हेल्थ यूनिट कुनुकरी सहित आस पास के क्षेत्रवासियों के लिए सुरक्षित मातृत्व और स्वस्थ बचपन की दिशा में एक सशक्त कदम साबित होगा।

## भागदौड़ और तनावपूर्ण जिंदगी में खुद को स्वस्थ रखने का सबसे आसान उपाय है योग - राज्यपाल

00 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस में शामिल हुए राज्यपाल
11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस में शामिल हुए राज्यपाल



**रायपुर।** योग हमें केवल शारीरिक रूप से ही नहीं, मानसिक और भावनात्मक रूप से भी मजबूत बनाता है। आजकल की भाग दौड़ और तनावपूर्ण जिंदगी में खुद को स्वस्थ रखने का योग सबसे आसान उपाय है। राज्यपाल श्री रमेन डेका ने अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर राजधानी रायपुर मे आयोजित सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रम में उक्त बातें कहीं। इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय रायपुर के कृषि मण्डपम में आयोजित इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि श्री रमेन डेका ने सर्वप्रथम अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के लिए प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के संदेश का वाचन किया। इसके पश्चात उन्होंने सामूहिक योगाभ्यास में भाग लिया। श्री डेका ने अपने उद्बोधन में कहा कि योग भारत की बहुत पुरानी और अनमोल परंपरा है। योग हमारी हजारों साल पुरानी जीवनशैली है, जो हमारे शरीर, मन और आत्मा को जोड़ती है। आज करीब 180 देश के निवासी योग कर रहे हैं। इससे बड़ा भारत की संस्कृति का सम्मान और क्या हो सकता है। इस साल योग दिवस की थीम, एक पृथ्वी एक स्वास्थ्य के लिए योग, का उद्देश्य योग के माध्यम से पूरी दुनिया को स्वस्थ बनाना है। डेका ने कहा कि यह अनेक अध्ययनों में साबित हो चुका है कि अगर हम 20-30 मिनट योग करते हैं, तो हमारे अन्दर एकाग्रता, आत्मविश्वास और मन की शांति बढ़ेगी। परीक्षा का तनाव हो या कैरियर की चिंता, योग इन सबका हल है। आज कई बीमारियाँ हमारी जीवनशैली के कारण बढ़ रही हैं, जैसे डायबिटीज, ब्लड प्रेशर, मोटापा, हृदय रोग और मानसिक तनाव आदि, नियमित योग से इन बीमारियों में लाभ होता है।

एनसीसी, एनएसएस, खेल और अन्य गतिविधियों से जुड़े युवा, योग को अपनी नियमित दिनचर्या में शामिल करें। इससे आपकी ऊर्जा, सही दिशा में लगेगी और आप एक जिम्मेदार नागरिक बन पाएंगे। श्री डेका ने कहा कि वे छत्तीसगढ़ के हर जिले में गए हैं और अधिकारियों को भी निर्देशित किया है कि योग को जन जीवन का हिस्सा बनाने के लिए लोगों को जागरूक करें। स्कूलों, कॉलेजों और पंचायत भवनों में भी नियमित योग सत्र हो। जहां बुजुर्ग, महिलाएं, युवा बच्चे सभी योगाभ्यास में शामिल हों। योग दिवस पर हम सब संकल्प लें कि रोज थोड़ी देर योग करेंगे, अपने परिवार और आस-पड़ोस के लोगों को भी इसके लिए प्रेरित करेंगे और स्वस्थ, खुशहाल छत्तीसगढ़ और भारत के निर्माण में भाग लेंगे। इस अवसर पर श्री डेका ने एक पेड़ मां के नाम के तहत विश्वविद्यालय परिसर में वृक्षारोपण भी किया। योगाभ्यास कार्यक्रम में विधायकगण, सर्वश्री पुरंदर मिश्रा, अनुज शर्मा, सुनील सोनी, मुख्य सचिव श्री अभिताभ जैन, एवं अन्य जनप्रतिनिधिगण, राज्यपाल के मुख्य सचिव डॉ. सी.आर. प्रसन्ना, पुलिस महानिदेशक श्री अरूण देव गौतम, संभागायुक्त श्री महादेव कांवरे, विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. गिरीश चंदेल, रायपुर कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह, निगम आयुक्त श्री विश्वदीप, जिला पंचायत सीईओ श्री कुमार विश्वरंजन, सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी, दिव्यांगजन, वरिष्ठ नागरिक, महिलाएं, छात्र-छात्राएं बड़ी संख्या में शामिल हुए।

# मुख्यमंत्री ने दुलदुला में 3 करोड़ से अधिक के विकास कार्यों का किया लोकार्पण व भूमिपूजन

00 नगेराटुक्कू के सौंदर्यीकरण और डूमरडीह में कुम्हार समाज के लिए सांस्कृतिक मंडप निर्माण की घोषणा



**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आज जशपुर जिले के दुलदुला में आयोजित कार्यक्रम में दुलदुला विकासखंड के लिए 3 करोड़ 45 हजार रुपये की लागत से विभिन्न विकास कार्यो का लोकार्पण और भूमिपूजन किया। इनमें 22.36 लाख रुपये की लागत से नवनिर्मित ग्रामीण हाट बाजार शेड का लोकार्पण और 2 करोड़ 78 लाख 9 हजार रुपये की लागत के 10 अन्य कार्यों का भूमिपूजन शामिल है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने पर्यटन स्थल नगेराटुक्कू के सौंदर्यीकरण और डूमरडीह में कुम्हार समाज के लिए सांस्कृतिक मंडप निर्माण की घोषणा की। मुख्यमंत्री ने अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि हमें अपने शरीर और मन को स्वस्थ रखने के लिए नियमित रूप से योग करना चाहिए। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के प्रयासों से संयुक्त राष्ट्र ने इस दिन को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के रूप में मान्यता दी है। आज दुनिया के सभी देशों के लोग योग के फायदों के प्रति जागरूक होकर इस प्राचीन भारतीय विद्या को अपना रहे हैं। मुख्यमंत्री श्री साय ने जानकारी दी कि मुख्यमंत्री ग्रामीण बस योजना के तहत मयूरचुंदी से दुलदुला तक बस सेवा शुरू की जाएगी। साथ ही, दुलदुला में बस स्टैंड निर्माण की स्वीकृति भी प्राप्त हो चुकी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार 'मोदी की गारंटी' को तेजी से लागू कर रही है। सरकार के गठन के बाद पहली कैबिनेट बैठक में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 18 लाख आवास स्वीकृत किए गए। महतारी वंदन योजना के माध्यम से महिलाओं का सशक्तिकरण हो रहा है। तेंदूपत्ता संग्रहण की दर को प्रति मानक बोरा 5,500 रुपये निर्धारित किया गया है।अटल डिजिटल सुविधा केंद्र के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में बैंकिंग सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। आगामी पंचायत दिवस पर इसे सभी ग्राम पंचायतों में शुरू करने की योजना है। रजिस्ट्री प्रक्रिया में 10 नई क्रांतियों के तहत नवाचारों का उपयोग कर पंजीयन प्रक्रिया को अधिक पारदर्शी, सरल, डिजिटल और नागरिक-केंद्रित बनाया गया है। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष श्री सालिक साय, जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्री शौर्य प्रताप सिंह जूदेव, जनपद अध्यक्ष दुलदुला श्री राजकुमार सिंह, पुलिस महानिरीक्षक श्री दीपक कुमार झा, कलेक्टर श्री रोहित व्यास, पुलिस अधीक्षक श्री शशि मोहन सिंह, जिला पंचायत सीईओ श्री अभिषेक कुमार, श्री भरत सिंह, श्री कृष्ण कुमार राय सहित जनप्रतिनिधि, अधिकारी-कर्मचारी और बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

# जरूरत को पूरा करने का सरल माध्यम बन रहा धरती आबा अभियान

**जनभागीदारी शिविर में समुदाय को मिल रहा है त्वरित लाभ, आधार कार्ड, आयुष्मान कार्ड, जन धन खाते जैसी 25 सुविधाएं एक जगह**



**कोरिया बैकुंठपुर।** वंचित वर्ग को यदि पहले ही सभी सुविधाएं मिल जाती तो वह समाज में मुख्य धारा के वाहक बन जाते। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के उक्त विचारों को अब कोरिया जिले में धरती आबा अभियान से पूरा करने का कार्य शुरू हो गया है। यहां जनजातीय उत्कर्ष अभियान के तहत विशेष रूप से जनजाति बाहुल्य क्षेत्रों में निरन्तर आयोजित हो रहे शिविरों में तेजी से उनकी आवश्यकता की पूर्ति करने का कार्य जिला प्रशासन कोरिया द्वारा किया जा रहा है। विदित हो कि कोरिया जिले में कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी के निर्देशन में गांव गांव में शिविर लगाकर जनजातीय समुदाय की मांग को चिन्हित करते हुए योजनाओं को संतृप्त अवस्था तक ले जाने हेतु कार्य किया जा रहा है। किसी को मौके पर ही राशन कार्ड तो किसी को आयुष्मान कार्ड,किसी को आधार कार्ड जारी किया जा रहा है। इससे मुस्कुराते हुए चेहरे शिविर लगाए जाने की सार्थकता बता रहे हैं। आज बैकुंठपुर जनपद पंचायत अंतर्गत शिविर में शामिल होने वाले ग्राम पंचायत पर्चा निवासी रघु शंकर द्वारा आयुष्मान कार्ड न होने की जानकारी दी गई। अविलंब मौके पर ही उन्हें आयुष्मान कार्ड बनाकर दिया गया। अब उनके बेहतर स्वास्थ्य हेतु इलाज की चिंता खत्म हो गई है। इसी तरह ग्राम पंचायत देवरी में रहने वाली बच्ची आन्या सिंग को आधार कार्ड बनाकर दिया गया। ग्राम पंचायत पतरापाली में रहने वाली खुश्बू सिंह ने बताया कि उनके पास जाति प्रमाण पत्र नहीं है। राजस्व विभाग द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए उन्हें जाति प्रमाण पत्र बनाकर उपलब्ध कराया गया। इस तरह सुखमणि को राशन कार्ड जारी कर उनके खाद्यान्न की चिंता खत्म की गई। ऐसे ही दर्जनों हितग्राहियों को प्रतिदिन धरती आबा अभियान से जुडकर सीधा लाभ प्राप्त हो रहा है। कलेक्टर कोरिया श्रीमती चंदन त्रिपाठी ने कहा कि अब प्रत्येक योजना को अंतिम पात्र व्यक्ति तक पहुंचाने की दिशा में काम किया जा रहा है और धरती आबा जनजातीय उत्कर्ष अभियान इसी महत्वपूर्ण कार्य को तेजी से पूरा करने में मदद कर रहा है। सभी वनवासी भाइयों से आग्रह है कि वह शिविर से आकर जुड़ें और अपने स्तर पर वांछित योजनाओं का सीधा लाभ उठाएं।



# हॉबी के मुताबिक चुनें कोर्स

अगर आप बेहतर कल का सपना देखते हैं, तो आपको अपनी च्वाइस को देखते हुए कोर्स को चुनना होगा। विशेषज्ञों के अनुसार सफल होने के लिए जरूरी है कि आप अपनी हॉबी के मुताबिक कोर्स चुनें और उसे पूरा करने के लिए कठिन मेहनत भी करें।

आज करियर के फैलते दायरे में मेडिकल, इंजीनियरिंग जैसे मेन स्ट्रीम करियर के अलावा भी ऐसे कई ऑफ बीट करियर लोकप्रिय हो रहे हैं, जिन्हें अपनाकर आप करियर बुलंद कर सकते हैं। इस तरह के करियर की खास बात यह होती है कि इन कोर्सों के जरिए आप बचपन के किसी स्किल्स, पैशन, हॉबी को भी करियर बना सकते हैं।

## प्रोफेशनल ब्लॉगर

सोशल नेटवर्किंग इरा में हर कोई ज्यादा से ज्यादा लोगों से जुड़ना चाहता है, जिसमें ब्लॉग राइटिंग कम्यूनिकेशन बनाए रखने का एक महत्वपूर्ण जरिया बनकर उभर रहा है। यह फील्ड उन युवाओं के लिए भी अहम है, जिन्हे लिखना पसंद है। आप इसे पार्टटाइम जॉब के रूप में भी ले सकते है। अगर कम्यूनिकेशन स्किल्स अच्छी हैं, तो आप घर बैठे ही कमाई कर सकते हैं।

## स्कूबा डाइविंग

आज ऐसे यूथ की बिल्कुल कमी नहीं है, जिन्हें जोखिम भरे कामों में करियर का लुत्फ आता है। ऐसे यंगस्टर्स के लिए स्कूबा डाइविंग बेहतर ऑप्शन है। स्कूबा डाइवर्स/अंडरवॉटर डाइवर्स समुद्र में गोता लगाकर ओसिनोग्राफिग, रिसर्च या फिर रेस्क्यू ऑपरेशंस को अंजाम देते हैं।

## गिफ्ट रैपर

तेजी से बदलती इकोनॉमी ने लाइफस्टाइल में भी चेंज ला दिया है। गिफ्ट देना भी इसी ट्रेंड का हिस्सा है। आज यहां बड़ी तादाद में उन लोगों की जरूरत है जो आकर्षक ढंग से गिफ्ट पैक कर सकते हों। बड़े-बड़े ऑफिसों, कॉरपोरेट हाउसेज में ऐसे लोगों के लिए काफी गुंजाइशें हैं। इसकी सबसे बड़ी खासियत ये है कि आप इसे पार्ट टाइम या फुल टाइम जॉब के रूप में भी कर सकते हैं। यह एक ऐसा फील्ड है जिसका विस्तार तेजी से छोटे शहरों की ओर भी हो रहा है। ऐसे में इस फील्ड में अनेक अवसर आपके लिए मौजूद हैं।

## चॉकलेटियर

चॉकलेट के सिर चढ़ते स्वाद के बीच चॉकलेट आर्टिस्ट के पेशे को खासी तवज्जो मिल रही है। ये आर्टिस्ट ही चॉकलेटियर कहे जाते हैं। चॉकलेट कंपनियों में इन चॉकलेटियर्स की खूब मांग है। आप चाहे तो चॉकलेट बुटीक/चॉकलेट पार्लर खोलकर स्वरोजगार की राह भी तलाश सकते हैं।



# माइक्रो फाइनेंस के क्षेत्र में बनाएं करियर

द्वारा भी माइक्रो फाइनेंसिंग की सेवाएं दी जाती हैं। कई तरह की माइक्रो फाइनेंस (एमएफआई) ग्रामीण क्षेत्रों में कार्यरत हैं जैसे बंधन, एसकेएस, माइक्रो क्रेडिट फाउंडेशन ऑफ इंडिया, साधना माइक्रोफिन सोसायटी आदि। इनमें जॉब के अवसर मिलते रहते है।

**बैंकिंग और फाइनेंस या फिर माइक्रो फाइनेंस सेक्टर में करियर बनाने के लिए अभ्यर्थी का किसी भी संस्थान से डिप्लोमा या पीजी डिप्लोमा कोर्स करना जरूरी है। पीजी डिप्लोमा इन बैंकिंग एंड फाइनेंस और एडवांस डिप्लोमा इन बैंकिंग एंड फाइनेंस कोर्स करके बैंकिंग व फाइनेंस सेक्टर में जॉब तलाश सकते हैं। डिप्लोमा कोर्स के लिए 12वीं में 50 प्रतिशत अंक से पास व ग्रेजुएशन कोर्स के लिए किसी विषय में 50 प्रतिशत अंक से उत्तीर्ण जरूरी है।**



वह सेक्टर है माइक्रो फाइनेंस।

## नए रास्ते

जैसे-जैसे भारत की आर्थिक स्थिति मजबूत होती जा रही है, वैसे-वैसे माइक्रो फाइनेंस सेक्टर में भी कैरियर की नई संभावनाएं सामने आ रही हैं। भारतीय अर्थव्यवस्था बहुत जल्द ही विकास दर के मामले में चीन को पछाड़ देगी। इससे जुड़ा एक क्षेत्र बहुत तेजी से भारतीय अर्थव्यवस्था में अवसरों की बहार लेकर आ रहा है,

## सैलेरी पैकेज

इस क्षेत्र में सैलरी 15-20 हजार रुपए से शुरू होती है। बाद में बेहतर काम से पदोन्नति के रास्ते खुलते हैं। इस सेक्टर की प्रमुख बात यह भी है कि इसमें अनुभव प्राप्त कर लेने के बाद इंश्योरेंस कंपनियां, एनजीओ, बैंकों आदि में भी जॉब मिलने के मौके बनने लगते हैं। इस तरह इस क्षेत्र में काम करने के बाद बैंकिंग के अन्य विकल्पों में भी मौके मिलने लगते हैं।

## अवसर

इस क्षेत्र में कई तरह के जॉब्स हैं। भारत में नाबार्ड, सिडबी आदि के अलावा विभिन्न बैंकों

## कैसे मिलेगा प्रवेश

बैंकिंग क्षेत्र में जरूरत इस बात की है कि संबंधित व्यक्ति तुरंत चीजों को समझे और हर तर्क को समझाने में पूर्ण तरीके से सक्षम हो।

बैंकिंग और वित्तीय क्षेत्र में पीजी डिप्लोमा करने के लिए पहले तो एप्टीट्यूड टेस्ट में पास होना जरूरी है और इसमें निजी रूप से साक्षात्कार भी देना होगा। इसमें मूलतः अंग्रेजी, गणितीय योग्यता, लिखित परीक्षा में रीजनिंग आदि की जांच की जाती है। टेस्ट का मुख्य उद्देश्य छात्रों की बेसिक जानकारी को जांचना होता है। परीक्षा पूर्ण होने के बाद उन्हें इंटर्नशिप, शिक्षा लोन आदि कोर्स के बारे में बताया जाता है।





# सफलता पाने अपनाएं ये 5 सूत्र

**हर इंसान चाहता है कि वो अपनी लाइफ में कुछ अच्छा कर सके और कुछ बैंक बैलेंस बना सके। लेकिन इंसान सिर्फ सोचता है कुछ करता नही और बाद में रोता रहता है कि मेरे पास टाइम नहीं है, मेरी किस्मत साथ नही दे रही है वगैरह वगैरह। किसी कार्य को करने के लिए सोचना एक बहुत ही अच्छी बात है लेकिन सिर्फ सोचने से कुछ नहीं होता।**

आज दुनिया में जितने भी बड़े लोग हैं वह केवल सोच कर बड़े नहीं बने हैं बल्कि उन्होंने सोचा है और उसे पूरा भी किया है तब जाके आज वे सफल हैं। लेकिन आज की युवा पीढ़ी सिर्फ मौज मस्ती में ही अपना समय व्यतीत करती है। किसी भी कार्य को करने और उसमें सफल होने के लिए लक्ष्य और लगन का होना बहुत जरुरी है।

## दृढ़ संकल्प होना बहुत जरुरी

सबसे पहले आप अपना लक्ष्य तय करें कि आप क्या करना चाहते है। दृढ़ निश्चय ही आपको सफलता तक ले जाएगी। यदि आप कुछ करने के लिए ठान लेते हैं तो दुनिया का कोई भी इंसान आपको उस कार्य को करने से नही रोक सकता। मन में हिम्मत और करने की दृढ संकल्प होना बहुत जरुरी है इसके बगैर हम कभी सफल नहीं हो सकते।

## असफलता से कभी न डरें

यदि आप कुछ कर रहे हैं तो हो सकता है आप उसमे असफल हो जाएं। अगर आप असफल भी होते हैं तो भी असफलता से कभी न डरें और उस कार्य को लगातार करते रहें। असफलता इंसान की कमियो को बताता है जिसे इंसान सुधार कर फिर से सफल हो सकता है।

## आप वही करें जो आपका दिल कहे

जिस काम में आपका रूचि हो आप वही कार्य करें। जबर्दस्ती या फिर अरुचिजनक कार्य करने से आप कभी सफल नही हो सकते। आप कभी भी दूसरे की बात न सुने, आप वही करें जो आपका दिल कहता है और जिसमे आपको मजा आता है।

## अनुभव का लाभ उठाएं

उन लोगो के साथ अपना टाइम बितायें जिन्होंने अपने लाइफ में कुछ अच्छा करके सफलता के चोटी तक पहुँचे हों। आप उनसे काफी कुछ सीख सकते हैं कि उन्हे सफल होने के लिए किन किन मुसीबतो का सामना करना पड़ा। उनके अनुभव से आपको एक आईडिया मिल जायेगा। जिसका यूज करके आप अपने लाइफ को एक अच्छे सफल व्यक्ति के रूप में ढाल सकते हैं।

## बुरे लोगों का साथ न करें

जिंदगी में कभी भी बुरे लोगों का साथ न करें। बुरा इंसान वो लत है जैसे शराब या कोई और खराब चीज। बुराई इंसान को कभी आगे नही बढ़ने देता। यह सिर्फ और सिर्फ इंसान को बर्बादी के रास्ते पर ही ले जाता है। इसलिए मैं आपसे यही कहूंगा कि आप सिर्फ उन लोगों का साथ करें जो आपको कुछ अच्छा सिखाते हैं।





# अचानक जॉब ऑफर मिले तो खुद से पूछें ये सवाल

**जॉब का नया ऑफर मिलना सभी को पसंद होता है , और अगर आपने कही अप्लाई भी नहीं किया और अचानक आपको आपके गुडविल की वजह से जॉब ऑफर मिले तो कहना ही क्या**

जॉब का नया ऑफर मिलना सभी को पसंद होता है , और अगर आपने कही अप्लाई भी नही किया और अचानक आपको आपके गुडविल की वजह से जॉब ऑफर मिले तो कहना ही क्या। यह स्पष्ट तौर पर आपकी मार्किट में डिमांड से सम्बंधित है , यह दर्शाता है की आपको जॉब की कमी नही है, पर एक कहावत है मुसीबतें अक्सर खूबसूरत होती है , तो आपको उस अचानक से मिले जॉब ऑफर को स्वीकार करने से पहले खुद से ये सात सवाल जरूर पूछने चाहिए।

- क्या आपकी मौजूदा कम्पनी में आपकी ग्रोथ की सम्भावनाएं है? आपको ये जरूर चेक करना चाहिए की आपकी मौजूदा कंपनी जहाँ आप काम कर रहे है , वहां आपको प्रमोशन या कोई विशेष जिम्मेदारी तो नहीं मिल रही है। या मिलने की सम्भावना है।
- क्या आप इस जॉब ऑफर के सहारे अपनी मौजूदा कंपनी में ग्रोथ प्राप्त कर सकते हैं? अगर आप अपनी मौजूदा जॉब से खुश है और आपको नए ऑफर में सिर्फ सैलरी ही आकर्षित कर रही है तो , अपने मैनेजर से कूटनीतिक ढग से बात कीजिये की मुझे एक जॉब ऑफर मिला है और सैलरी पैकेज भी मस्त है तो क्या मुझे उस कपनी को ज्वाइन करना चाहिए , वैसे मै अपनी जॉब से संतुष्ट हूं पर फिर भी को चाहिए।
- नए जॉब में जॉब प्रोफाइल क्या रहेगा? आपको नए ऑफर में यह स्पष्ट करना चाहिए की आप वहा ज्वाइन करने बाद क्या काम करेंगे,अगर वहा का जॉब प्रोफाइल आपकी मोजूदा कंपनी जैसा ही है तो फिर जॉब छोड़ने का कोई मतलब नही बनता , आपको वहां पर कितनी ग्रोथ मिल सकती है।
- कंपनी की हिस्ट्री चेक करें। किसी भी कंपनी को ज्वाइन करने हिस्ट्री जरूर जाने, की वह कंपनी कितनी पुरानी है, कही वह स्टार्ट अप तो नहीं , क्या उस कंपनी में अफोर्ड करने की क्षमता है। क्योंकि बहुत से स्टार्टअप जल्दी बंद हो जाते है।
- आपका सैलरी पैकेज क्या है और उसमें क्या क्या शामिल है। बहुत सी कंपनी अपने एम्प्लोयी को अलग अलग सुविधाएं देती है, जो सैलरी पैकेज का ही हिस्सा होता है, आपको देखना चाहिए की वो लोग किस प्रकार का ऑफर आपको दे रहे है , कहीं उसमे कुछ छिपाया तो नही गया है।
- कही कंपनी में लोग जल्दी जल्दी जॉब तो नहीं छोड़ रहें। आप जिस पोजीशन के लिए जा रहे है उस पोजीशन पर जो पिछले व्यक्ति काम करता था उसने कंपनी में कितना काम किया, कहीं वह बहुत कम समय में जॉब तो नहीं छोड़ गया? उसके जॉब छोड़ने का क्या कारण था? क्या उस कंपनी में लोग जल्दी जल्दी जॉब तो नही बदलते?
- अपने दिल की आवाज को सुनिए। क्या सच में आप जॉब बदलना चाह रहे है, या ये जॉब आपकी झोली में अचानक आ गया , और आप कुछ तथ्यों को नकार तो नही रहे , सिर्फ पैसे की ग्रोथ के लिए ऐसा फैसला तो नहीं ले रहे।

## योग दिवस के अवसर पर योग प्राणायाम के साथ बच्चों ने लिए आदर्श दिनचर्या के संकल्प




**कोरिया पांडवपारा।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर डी ए वी पब्लिक स्कूल पाण्डव पारा में योगाभ्यास के साथ पौधारोपण निबंध, थीम सुझाव, पोस्टर मेकिंग, फोटोग्राफी प्रश्न मंच जैसे विविध आयोजन किए गए। विद्यालय के प्राचार्य पी एल वर्मा ने योग दिवस की बधाई देते हुए कहा कि आज के तनाव पूर्ण माहौल में योग प्राणायाम को अपनाकर ही स्वस्थ जीवन जी सकते हैं। हमें शारीरिक मजबूती के साथ मानसिक शांति मिलती है। योग से आयु विद्या यश बल और नैतिक मूल्यों का निर्माण होता है। भौतिकता के चकाचौंध में फंसे युवाओं को योग प्राणायाम से नई जिंदगी मिल सकती है। ज्ञातव्य है कि योग दिवस २०२५ का थीम है योगा फार वन अर्थ वन हेल्थ। पूरे पृथ्वी का स्वास्थ्य एक जैसे अच्छा हो।

### न्यूज गैलरी

## चिरमिरी-मनेंद्रगढ़ साजा पहाड़ सड़क चौड़ीकरण कार्य का भूमिपूजन

### 4056.64 लाख की लागत से बनेगी 17.40 किमी सड़क

**मनेन्द्रगढ़ (अम्बिकावाणी समाचार)।** चिरमिरी और मनेंद्रगढ़ के बीच बहुप्रतीक्षित साजा पहाड़ मार्ग के चौड़ीकरण और उन्नयन कार्य का सपना आखिरकार साकार होने की दिशा में अग्रसर हो गया है। 21 जून को इस महत्वाकांक्षी परियोजना का भूमिपूजन समारोह मनेंद्रगढ़ जिले के केराडोल पोड़ी, चिरमिरी में संपन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री एवं क्षेत्रीय विधायक श्याम बिहारी जायसवाल रहे।



लोक निर्माण विभाग संभाग मनेंद्रगढ़ द्वारा स्वीकृत इस परियोजना के अंतर्गत 4056.64 लाख रुपये की लागत से 17.40 किमी लंबे इस मार्ग का चौड़ीकरण और उन्नयन किया जाएगा। करीब दो दशक से चिरमिरी और मनेंद्रगढ़ के नागरिक इस सड़क के समुचित निर्माण की मांग कर रहे थे। यह सड़क न केवल 2 शहरों को जोड़ने का कार्य करेगी, बल्कि यह व्यापार, शिक्षा, स्वास्थ्य और पर्यटन की दृष्टि से भी एक नई गति प्रदान करेगी। पहले जहां छोटा नागपुर होकर करीब 36 किमी की कठिन और असुरक्षित दूरी तय करनी पड़ती थी, वहीं अब यह डबल लेन सड़क दोनों शहरों को केवल दूरी में ही नहीं, बल्कि समय और सुविधा के स्तर पर भी करीब लाएगी। यह मार्ग रात्रिकालीन यातायात को भी सुरक्षित बनाएगा और आकस्मिक दुर्घटनाओं की आशंका को कम करेगा। सड़क निर्माण के बाद आसपास के दर्जनों गांवों को भी सीधा लाभ मिलेगा। लोग बेहतर बाजार, अस्पताल, स्कूल और कार्यालय तक अब अधिक सहजता से पहुंच सकेंगे। व्यापारियों का कहना है कि इससे माल ढुलाई में समय और लागत दोनों की बचत होगी, जिससे क्षेत्र की आर्थिक गतिविधियां तेज होंगी।

## योग दिवस पर योगासन, प्राणायाम एवं ध्यान क्रियाओं का अभ्यास



**मनेन्द्रगढ़ (अम्बिकावाणी समाचार)।** शासकीय विवेकानंद महाविद्यालय मनेंद्रगढ़ में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस परयोग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्राचार्य डॉ. श्राबनी चक्रवर्ती के संरक्षण में कार्यक्रम की शुरूआत संयोजक डॉ. सरोजबाला श्याग विश्नोई के स्वागत उद्बोधन से हुई, जिसमें उन्होंने अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि, इसके उद्देश्य और वर्तमान समय में इसकी प्रासंगिकता पर प्रकाश डाला। पतंजलि योगपीठ की प्रशिक्षित योग प्रशिक्षिकाएं बलवीर कौर एवं ईला कर के मार्गदर्शन में विद्यार्थियों, प्राध्यापकों एवं अन्य उपस्थित जनों को विभिन्न योगासनों, प्राणायाम एवं ध्यान क्रियाओं का अभ्यास कराया गया। योगाभ्यास के दौरान प्रतिभागियों ने तन-मन की शुद्धि, संतुलन और मानसिक एकाग्रता के अनुभव को आत्मसात किया। इस अवसर पर महाविद्यालय परिसर में सकारात्मक ऊर्जा का वातावरण बना रहा। प्रतिभागियों ने यह अनुभव किया कि योग से न केवल शरीर स्वस्थ रहता है, बल्कि मानसिक शांति एवं आत्मिक विकास भी होता है। कार्यक्रम के दूसरे चरण में डॉ. प्रभा राज के संयोजन में पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें छात्र-छात्राओं के द्वारा विभिन्न योग मुद्राओं के कलात्मक चित्र उकेरे गये। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य युवाओं को योग के प्रति जागरूक करना एवं उसे जीवनशैली का अंग बनाना था। अंत में सभी प्रतिभागियों ने यह संकल्प लिया कि वे नियमित रूप से योगाभ्यास करेंगे और स्वस्थ, संयमित एवं सशक्त समाज की स्थापना में योगदान देंगे। आयोजन में महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापक, कर्मचारी, छात्र-छात्राएं एवं रेड रिबन क्लब तथा एनएसएस इकाइयों के सदस्य सक्रिय रूप से उपस्थित रहे। अंत में महाविद्यालय के एनएसएस प्रभारी रंजीत मनी ने सभी प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया और योग को निरंतर जीवन में अपनाने की प्रेरणा दी।

## भारतीय जनता पार्टी जिला कोरिया की कार्यसमिति की सूची जारी

कोरिया बैकुण्ठपुर - भारतीय जनता पार्टी जिला-कोरिया की जिला कार्यसमिति प्रदेशाध्यक्ष किरण सिंहदेव, प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय के अनुमोदन उपरांत भाजपा जिलाध्यक्ष देवेन्द्र तिवारी द्वारा जिला कार्यसमिति सूची जारी कर दी गई है। कार्यसमिति में शामिल जिला पदाधिकारी, जिला कार्यसमिति सदस्य, विशेष आमंत्रित सदस्य एवं वरिष्ठ व निर्वाचित नेताओं को स्थायी आमंत्रित सदस्य में शामिल किया गया है। जिला पदाधिकारी – जिला उपाध्यक्ष अशोक जायसवाल, बसंत राय, राजेश सिंह, अनिल साहू, रविशंकर राजवाड़े, चुन्नी पैकरा, जिला महामंत्री पंकज गुप्ता, कपिल जायसवाल, जिला मंत्री शिव कुमारी सोनपाकर, सुनिता कुर्रे, ईश्वर राजवाड़े, शारदा गुप्ता, प्रदीप तिवारी, कृष्णावती यादव, जिला कोषाध्यक्ष रामकृष्ण शर्मा, जिला सह कोषाध्यक्ष राजेन्द्र चक्रधारी, जिला कार्यालय मंत्री मंजू जिवनानी, जिला मीडिया प्रभारी तीरथ राजवाड़े, जिला सह मीडिया प्रभारी गणेश यादव, वर्षा साहू, जिला सोशल मीडिया प्रभारी जगनारायण साहू, जिला सह सोशल मीडिया प्रभारी राकेश गुप्ता को पदाधिकारी बनाया गया है, जिला कार्यसमिति सदस्य विनोद साहू, अनिता तिवारी, कुंती चक्रधारी, योगेन्द्र मिश्रा, भानूपाल, सुरेन्द्र चक्रधारी, नवरतन पाण्डेय, धीरेन्द्र साहू, सुभाष साहू, अनिरूद्ध ठाकुर, महेन्द्र वैद्य, रमावती राजवाड़े, धर्मवती राजवाड़े, ओमेश्वरी राजवाड़े, रामसुंदर राजवाड़े, रामप्रताप मरावी, गोपाल राजवाड़े, नरेश्वर रजक, राजेश सोनी (पूर्व मंडल अध्यक्ष), अभिमन्यु मृदुली, श्रीराम राजवाड़े, मधुसुदन साहू, प्रियंका सिंह, पुष्पलता राजवाड़े, बिजेन्द्र जायसवाल, मनीलाल सोनपाकर, साधुशरण राजवाड़े, संतोष शर्मा, कमलेश एक्का, विवेक गुप्ता, ध्रुवेश प्रताप सिंह, दिलराज रवि, सुरेश तिवारी, सुशील यादव, धर्मजीत सोनवानी, रूपचंद गुप्ता, राय सिंह, राजेश सोनी (पार्षद), कृष्णा प्रजापति, रेखा वर्मा, ज्योति देवांगन, अहिल्या राजवाड़े को बनाया गया है, इसी प्रकार विशेष आमंत्रित सदस्य जवाहरलाल गुप्ता, शैलेष शिवहरे, रविशंकर शर्मा, लक्ष्मण राजवाड़े, कामतानाथ तिवारी, जगदीश साहू, अवधबिहारी जायसवाल, प्रेमनारायण तर्किहार, परमजीत कौर, मनोज गुप्ता, राकेश शर्मा, आशीष गुप्ता, सुभाष जायसवाल, विमल चंद गुप्ता, संगीता सोनवानी, रंजीत मंडल, मुसाफिर सिंह, मनीलाल सोनपाकर, रामाशंकर साहू, कुबेर साहू, विनोद जायसवाल को बनाया गया है। स्थायी आमंत्रित सदस्य विधायक भईयालाल राजवाडे, विधायक रेणुका सिंह, पूर्व विधायक द्वारिका गुप्ता, पूर्व जिलाध्यक्ष कृष्णबिहारी जायसवाल, जिला पंचायत अध्यक्ष मोहित पैकरा, जिला उपाध्यक्ष वंदना राजवाड़े, नगर पालिका अध्यक्ष नविता शिवहरे, अरूण जायसवाल, नगर पंचायत अध्यक्ष गायत्री सिंह, जनपद अध्यक्ष आशादेवी सोनपाकर, जनपद उपाध्यक्ष प्यारे साहू, जिला पंचायत सदस्य गीता राजवाड़े, संगीता सोनवानी, नगर पंचायत उपाध्यक्ष गौरव अग्रवाल व जनपद उपाध्यक्ष संदीप जायसवाल को बनाया गया है।

विज्ञापन

बैकुंठपुर स्थित फर्म "श्री नरेंद्र कमर्शियल"
डिस्ट्रीब्यूटर - M.D.H. मसाले को सेल्स Representative (S.R.) की अतिशीघ्र आवश्यकता है,

* S.R. की नियुक्ति M.D.H. मसाले के कंपनी पे-रोल पर रहेगी।
* सैलरी - योग्यतानुसार
* बायो डाटा के साथ अतिशीघ्र सम्पर्क करें,
* स्थानीय युवकों को वरीयता

**पता - "श्री नरेंद्र कमर्शियल" मिश्रा काम्प्लेक्स, भांड़ी, मेन रोड, बैकुंठपुर जिला कोरिया (छत्तीसगढ़)**
**संपर्क नंबर - 9340945160, 8889909241**

# सलका हायर सेकेंडरी स्कूल के सामने बना तालाब

## बच्चों को स्कूल पहुँचने में होती है दिक्कत



**कोरिया बैकुंठपुर।** कोरिया जिला मुख्यालय बैकुंठपुर से मात्र ६ किलोमीटर दूर स्थित ग्राम पंचायत सलका का हायर सेकेंडरी स्कूल इन दिनों अव्यवस्था और अतिक्रमण की मार झेल रहा है। स्कूल के आसपास अवैध रूप से किए गए निर्माण और अतिक्रमण के चलते बारिश के मौसम में जल निकासी की व्यवस्था पूरी तरह से ठप हो गई है, जिससे स्कूल परिसर और उसके आसपास की गलियाँ पानी से भर जाती हैं। इस स्थिति के कारण स्कूल आने वाले छात्र-छात्राओं को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है।

स्थानीय ग्रामीणों और अभिभावकों का कहना है कि वर्षा के दिनों में स्कूल तक पहुंचने के लिए बच्चों को घुटनों तक पानी से गुजरना पड़ता है। कीचड़ और गंदगी के चलते कई बार बच्चे फिसलकर गिर जाते हैं, जिससे उन्हें चोट भी लगती है। अभिभावकों का कहना है कि कई बार इस समस्या को लेकर ग्राम पंचायत और संबंधित विभागों को अवगत कराया गया, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है।

स्कूल के शिक्षकों ने बताया कि बारिश के कारण स्कूल के मुख्य गेट से लेकर भवन तक कीचड़ और पानी भर जाता है। इससे विद्यालय में पढ़ाई का माहौल प्रभावित होता है और बच्चों की उपस्थिति में भी गिरावट देखने को मिलती है। विद्यालय प्रबंधन ने अनेकों बार जल निकासी के लिए स्थायी समाधान की माँग की है, परंतु प्रशासन की ओर से कोई कदम नहीं उठाया गया है।

स्थानीय जनप्रतिनिधियों द्वारा भी इस विषय को कई बार पंचायत बैठकों और जनसुनवाइयों में उठाया गया है, लेकिन स्थिति जस की तस बनी हुई है। ग्रामीणों का कहना है कि स्कूल के चारों ओर बने अवैध निर्माणों ने नालियों और प्राकृतिक जल निकासी मार्गों को अवरुद्ध कर दिया है, जिससे पानी का बहाव रुक जाता है।

# अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर सभी वर्ग के लोगों के किया सामूहिक योगाभ्यास

**मनेन्द्रगढ़ (अम्बिकावाणी समाचार)।** 11वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस उत्साह और जोश के साथ समूचे जिले में मनाया गया। जिले के नगर पंचायत झगराखंड के अंबेडकर भवन में जिला स्तरीय सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, स्कूल, कालेज, छात्रावास के बच्चों सहित सैकड़ों की संख्या में नगरवासियों ने योगाभ्यास किया। मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल शामिल हुये जिनके साथ जिले के तमाम अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों तथा उपस्थित लोगों ने योगाभ्यास करते हुए विभिन्न योग मुद्राओं का अभ्यास किया।



योगाभ्यास के उपरांत मुख्य अतिथि श्याम बिहारी जायसवाल ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि योग करके न केवल आप अपने और शरीर को अच्छा कर सकते हैं, बल्कि पूरे राष्ट्र को एक नया शक्ति का संचार कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि दुनिया में कोई दवा नहीं बनी जो हमें जीवन भर तरोताजा रख सके, इसके लिए हमें योग करते रहना है। उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि रायपुर के आयुर्वेदिक कॉलेज कैंपस से लगे 10 एकड़ जमीन पर 100 बिस्तरों वाले योग और प्राकृतिक चिकित्सा अस्पताल के साथ-साथ केंद्रीय योग और प्राकृतिक चिकित्सा अनुसंधान संस्थान की आधारशिला रखी गई जिसका भूमि पूजन हो चुका है और एक से डेढ़ साल में बनकर तैयार हो जाएगा। इसके बाद उन्होंने उपस्थित लोगों को योग करने की शपथ दिलाई। इस दौरान जनप्रतिनिधियों, जिला स्तरीय अधिकारियों, कर्मचारियों व नागरिकों, छात्र-छात्राओं ने बड़ी संख्या में भाग लेकर योगासन एवं प्राणायाम की विभिन्न मुद्राओं का एक साथ सामूहिक अभ्यास किया।

**हरित योग थीम के साथ किया गया पौधरोपण**

योगाभ्यास के पश्चात स्वास्थ्य मंत्री सहित उपस्थित सभी जनप्रतिनिधियों ने परिसर में हरित योग अंतर्गत वृक्षारोपण किया। सुबह 7 बजे सभी उपस्थित अतिथियों के साथ योग प्रशिक्षक विश्वजीत पटेल, शिवनारायण सिंह तथा विवेक तिवारी के द्वारा बैठकर, खड़े होकर तथा लेटकर किए जाने वाले सूक्ष्म योग, अर्द्धचक्रासन, ताड़ासन, भुजंगासन, वज्रासन, त्रिकोणासन, उत्तानपाद आसन, कटिचक्रासन, अर्धकटिचक्रासन, उष्ट्रासन, मत्स्यासन, सहित विभिन्न प्रकार योग मुद्रा का अभ्यास कराया गया। साथ ही कपालभाति, अनुलोम-विलोम, भ्रामरी जैसे विभिन्न प्राणायामों का सामूहिक अभ्यास कराया गया। खाद्य विभाग द्वारा योग करने वालों के लिए अंकुरित चना और गुड तथा आयुष विभाग द्वारा काढ़ा प्रदाय किया गया। योग कार्यक्रम के दौरान मंच संचालन वीरांगना श्रीवास्तव तथा गौरव त्रिपाठी ने किया।

## मध्य प्रदेश निर्मित शराब के विरुद्ध बड़ी कार्रवाई, 8.46 लीटर गोवा व्हिस्की जप्त



**कोरिया बैकुंठपुर** - आबकारी विभाग को सफलता उस समय मिली जब सोनहत थाना के अंतर्गत ग्राम नटवाही निवासी ४३ वर्षीय राजेश पिता लक्ष्मी कांत के कब्जे से २० जून को ८.४६ लीटर मध्य प्रदेश निर्मित गोवा व्हिस्की बरामद की गई। यह कार्रवाई विश्वस्त सूत्रों से मिली सूचना के आधार पर की गई।

इस कार्रवाई का संचालन आबकारी आयुक्त श्याम धावड़े एवं कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी के निदेर्शानुसार तथा उपा. आब. स. उ. द. सरगुजा विजय सेन शर्मा एवं जिला आबकारी अधिकारी योगेश्वर द्विवेदी के मार्गदर्शन में किया गया।

आरोपी के विरुद्ध छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम की धारा ३४(२), ३६ एवं ५९(क) के अंतर्गत प्रकरण दर्ज कर जेल दाखिल किया गया है।

इस कार्रवाई में सहायक जिला आबकारी अधिकारी श्रीमती सपना सिन्हा के नेतृत्व तथा वृत्त प्रभारी आबकारी उप निरीक्षक राम स्नेही यादव, मुख्य आरक्षक किसुन राम, आरक्षक नरेन्द्र राजवाड़े, हेमंत राजवाड़े व महिला नगर सैनिक रुमावती का सराहनीय योगदान रहा।

## एकाग्रता, संतुष्टि और शांति के लिए जरूरी है योग-देवेन्द्र तिवारी




**कोरिया बैकुंठपुर।** सोनहत भाजपा मंडल के पदाधिकारियों ने जनप्रतिनिधियों शिक्षकों, स्कूली बच्चों, गणमान्य लोगों एवं नागरिकों के साथ सामूहिक योगाभ्यास किया. इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष देवेन्द्र तिवारी, जनपद अध्यक्ष आशा, मंडल अध्यक्ष राजाराम राजवाड़े, महामंत्री मनोज साहू,सुरेश रजवाड़े, उपाध्यक्ष सुचित्रा पाल,युवा मोर्चा जिला मंत्री रमेश तिवारी सरपंच घुघरा जनपद सदस्य आलेश्वरी गौतम सहित अन्य जनप्रतिनिधि भी मौजूद रहे. इस अवसर पर प्राचार्य अजय ठाकुर योग शिक्षक रवि पांडे संतकुमार ने योग के बारे में विस्तार से जानकारी दी एवं योग का अभ्यास कराया. भाजपा जिलाध्यक्ष एवं पूर्व जिला पंचायत सदस्य देवेंद्र तिवारी ने कहा कि योग के कई लाभ हैं, जिनमें शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक स्वास्थ्य में सुधार शामिल है। हमे नियमित योग करने की आदत बनाने की जरूरत है. योग शिक्षक रवि पांडेय ने बताया कि योग से शरीर का लचीलापन और मजबूती बढ़ाना रक्त प्रवाह में सुधार, रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाना, तनाव और चिंता कम करना साथ ही मानसिक लाभ आंतरिक शांति और संतुष्टि बढ़ाना, एकाग्रता और स्मृति में सुधार, भावनात्मक स्थिरता और सकारात्मकता बढ़ाना एवं आध्यात्मिक लाभ में, आत्म-ज्ञान और आत्म-विकास, परमात्मा के साथ जुड़ने का अनुभव, जीवन के उद्देश्य और अर्थ को समझने में मदद करता है। मंडल अध्यक्ष राजाराम राजवाड़े ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने योग को विश्वभर में प्रोत्साहित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उनके प्रयासों से ही संयुक्त राष्ट्र ने २१ जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के रूप में घोषित किया है। मोदी जी योग को न केवल शारीरिक व्यायाम के रूप में देखते हैं, बल्कि इसे आत्म-विकास और मानसिक शांति के साधन के रूप में भी महत्व देते हैं। उनके अनुसार, योग भारतीय संस्कृति की एक महत्वपूर्ण धरोहर है जो विश्वभर में शांति और सद्भावना को बढ़ावा दे सकती है। इस अवसर पर मंडल कोषाध्यक्ष दीपक जायसवाल,पीपी सिंह, युवा मोर्चा मंडल उपाध्यक्ष दिलीप राजवाड़े, टिकेश्वर रजवाड़े, सुशीला राजवाड़े, प्राचार्य अजय ठाकुर, पप्पू राजवाड़े, संजय मानिकपुरी उदेश्वर राजवाड़े विकास राजवाड़े, अनिल गौतम, दिनेश राजवाड़े, एस प्रकाश गरुण मनीष त्रिपाठी सचिव सीमा त्रिपाठी शुभ शरण, गुड्डा सहित जन प्रतिनिधियों,मंडल पदाधिकारियों, शिक्षकों, बच्चों एवं गणमान्यजन की उपस्थिति रही।

## सुखद जीवन जीने की कला सिखाता है योग - भईयालाल राजवाड़े

### एक पृथ्वी एक योग के साथ हरित योग संगम पर हुआ पौध रोपण, अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का जिला स्तरीय आयोजन सम्पन्न

**कोरिया बैकुंठपुर** - कोरिया जिले में बारिश के बीच ग्यारहवां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पूरे उल्लास से मनाया गया। मुख्यालय बैकुंठपुर स्थित मानस भवन में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर जिला स्तरीय योग का कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस आयोजन में मुख्य अतिथि के रूप में बैकुंठपुर विधायक भइया लाल राजवाड़े उपस्थित रहे। जिला पंचायत कोरिया के अध्यक्ष मोहित राम पैकरा, उपाध्यक्ष श्रीमती वंदना राजवाड़े और नगरपालिका बैकुंठपुर की प्रथम नागरिक श्रीमती नमिता शिवहरे विशिष्ट अतिथि बतौर शामिल हुए। मुख्यालय में सुबह से जारी भारी बारिश ने भी प्रतिभागियों के उत्साह को कम नहीं होने दिया। योग दिवस पर जिला स्तरीय आयोजन में पहुंचे अतिथियों ने मां भारती के छाया चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर आयोजन का औपचारिक शुभारंभ किया। इसके पश्चात सुबह सात बजे से योग प्रशिक्षक श्री अनिल शर्मा ने अपने सहयोगियों के साथ उपस्थित जनप्रतिनिधियों, लोकसेवकों, स्कूली बच्चों तथा बैकुंठपुर नगरवासियों को निर्धारित क्रम अनुसार योग अभ्यास कराया। योग दिवस पर उपस्थित जनों को बधाई देते हुए विधायक भइया लाल राजवाड़े ने अपने संबोधन में कहा, "प्रधानमंत्री मोदी जी का हृदय से धन्यवाद करता हूं,जिन्होंने हमारी संस्कृति को विश्व स्तर पर अलग पहचान दिलाई है। योग



से सम्पूर्ण विश्व आपस मे जुड़ा है। मैं सभी से अनुरोध करता हूं कि वे योग को अपनी जीवनशैली का हिस्सा बनाएं और इसके लाभों का सदुपयोग करें। योग हमारे भारत की प्राचीन परंपरा है, जिसे जीवन का साथी बनाना चाहिए। नियमित योग से हमारा शरीर स्वस्थ रहता है। कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी ने भी सभी को योग दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा, "हमें प्रतिदिन योग करना चाहिए ताकि हमारा तन और मन दोनों स्वस्थ रहें। योग हमारे पुरातन आयुर्वेद से जुड़ा हुआ है। यदि हम अपने खानपान का भी ध्यान रखें तो सदैव स्वस्थ रह सकते हैं। जिला पंचायत अध्यक्ष मोहित राम पैकरा और नगरपालिका बैकुंठपुर अध्यक्ष श्रीमती नमिता शिवहरे ने भी उपस्थित जनों को संबोधित करते हुए दैनिक जीवन में नियमित रूप से योग अभ्यास को अपनाने का आवाहन किया। इस अवसर पर शहर के अनेक गणमान्य नागरिक, अधिकारी और कर्मचारी भारी संख्या में उपस्थित रहे। योगा दिवस के अवसर पर सामूहिक योगाभ्यास, प्राणायाम और योग के लाभों के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। उपस्थित लोगों ने सामूहिक रूप से योग किया और अपने स्वास्थ्य को बेहतर बनाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में उपस्थित होने वाले सभी अतिथियों के प्रति जिला शिक्षा अधिकारी जितेंद्र गुप्ता ने धन्यवाद ज्ञापित किया। योग दिवस पर जिला स्तरीय आयोजन में पहुंचे अतिथियों ने मानस भवन परिसर के समीप योग सेंटर में अलग अलग पौधे लगाए और हरित योग संगम को सफल बनाया। पौधे हमारी प्रकृति को संतुलित करने में मदद करते हैं और यह अत्यंत आवश्यक हैं जिससे हमारा जीवन सुखद हो जाता है। विधायक भइया लाल राजवाड़े, कलेक्टर कोरिया श्रीमती चंदन त्रिपाठी, पुलिस कप्तान रवि कुर्रे के साथ ही जिला पंचायत अध्यक्ष मोहित राम, उपाध्यक्ष श्रीमती वंदना, श्रीमती नमिता शिवहरे, सीईओ डॉ आशुतोष चतुर्वेदी ने भी पौधे लगाए। जिला स्तरीय आयोजन में वनमण्डलाधिकारी, अपर कलेक्टर मंडावी, एस डी एम श्रीमती दीपिका नेताम सहित अनेक अधिकारी, कर्मचारी, शिक्षक और छात्राएं उपस्थित रहीं।

## श्रीमती तस्कीन की नई छत पर गिर रही हर बूंद होगी सुरक्षित

### मोर गांव मोर पानी महाअभियान से जुड़कर उठाया कदम, प्रधानमंत्री आवास में रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम लगाकर पेश की मिशाल



**कोरिया बैकुंठपुर।** सकारात्मक परिवर्तन को अपने जीवन में आगे बढ़ कर अपनाते हैं तो आप स्वयं ही मिशाल बन जाते हैं।आप जिस स्तर पर रहकर सुधार करना चाहें कर सकते हैं ऐसी ही सकारात्मक खबर कोरिया जिले से है। प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय द्वारा जारी मोर गांव मोर पानी महाअभियान से जुड़कर ग्राम पंचायत सोरगा में रहने वाली श्रीमती तस्कीन खातून ने कोरिया जिले में जल संरक्षण हेतु एक नया मानक तैयार कर दिया है। उनके इस सराहनीय कार्य का सकारात्मक प्रभाव पूरे क्षेत्र में फैल रहा है। प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण की हितग्राही श्रीमती तस्कीन खातून ने बड़े शहरों में अपनाई जाने वाली रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम को बढ़ावा देने के लिए स्वयं अपने नव निर्मित आवास पर बनवा लिया है। कोरिया जिले के जनपद पंचायत बैकुंठपुर में प्रधान मंत्री आवास योजना ग्रामीण अंतर्गत ग्राम सोरगा में रहने वाली श्रीमती तस्कीन खातून को गत वर्ष अपना पक्का मकान बनाने हेतु अनुदान प्रदान किया गया। इन्होंने अपनी कमाई हुई कुछ रकम के साथ अपने पक्के मकान का सपना पूरा कर लिया है। इसके बाद आवास निर्माण में बची हुई सामग्री टूटी हुई ईंट आदि से सोखता पिट बनवाया और नए आवास की छत के पानी की निकाशी को पाइप के माध्यम से सोखते गड्ढे तक जुड़वा लिया है।

**क्या कहती हैं हितग्राही तस्कीन** - जिले में जल संरक्षण हेतु चल रहे अभियान से हमने प्रेरणा ली, जब तक हम सभी अपनी जिम्मेदारी को नहीं समझेंगे तब तक मोर गांव मोर पानी महाअभियान से जल संरक्षण का काम अधूरा ही रह जाएगा। इसलिए हमने कलेक्टर कोरिया की अपील पर अपने नए आवास में जल संरक्षण हेतु हार्वेस्टिंग सिस्टम लगवा लिया है और मै आग्रह करती हूं कि सभी अपने छत में गिरने वाली हर बूंद को बचाएं। कलेक्टर कोरिया श्रीमती चंदन त्रिपाठी ने सोरगा ग्राम पंचायत में श्रीमती तस्कीन खातून के प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि प्रदेश में मोर गांव मोर पानी महाअभियान अंतर्गत जिले में आवा पानी झोंकी अभियान चलाया जा रहा है और यह पहल आने वाले समय में कोरिया को जल संरक्षण हेतु एक अलग पहचान दिलाने में मदद करेगी।

## सुयश अस्पताल में योग दिवस का आयोजन

**रायपुर।** सुयश अस्पताल में शनिवार को विश्व योग दिवस का आयोजन किया गया। यह आयोजन आरोग्य मंदिर के सहयोग से किया गया जिसमें प्रसिद्ध योग विशेषज्ञ डॉ. विवेक भारतीया ने योग सत्र का नेतृत्व किया।

इस अवसर पर सुयश अस्पताल के डायरेक्टर, कंसलटेंट, प्रशासनिक अधिकारीगण एवं समस्त स्टाफ ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य योग के महत्व को समझना और उसे दैनिक जीवन का अभिन्न हिस्सा बनाना था। डॉ. विवेक भारतीया ने योग के विभिन्न आसनों, प्राणायाम और ध्यान की विधियों का अभ्यास करवाया और उनके लाभों की विस्तारपूर्वक जानकारी दी। उन्होंने बताया कि नियमित योगाभ्यास न केवल शरीर को स्वस्थ रखता है, बल्कि मानसिक तनाव को भी कम करता है। उन्होंने सभी को यह प्रेरणा दी कि योग को जीवनशैली का हिस्सा बनाना आज के समय की आवश्यकता है।

योग सत्र के दौरान प्रतिभागियों ने ध्यानपूर्वक अभ्यास किया और योग से जुड़े अपने अनुभव भी साझा किए। पूरे कार्यक्रम में सकारात्मक ऊर्जा का संचार देखने को मिला। सयुश अस्पताल की यह पहल न केवल स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में उनकी प्रतिबद्धता को दशार्ती है, बल्कि यह भी सिद्ध करती है कि संस्थान अपने कर्मचारियों और समाज के समग्र स्वास्थ्य के प्रति गंभीर और संवेदनशील है। इस सफल आयोजन के लिए डॉ. विवेक भारतीया का विशेष आभार व्यक्त किया गया। सुयश अस्पताल भविष्य में भी इस प्रकार के आयोजन करते रहने के लिए प्रतिबद्ध है, जिससे समाज में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता को और अधिक बल मिल सके।

**नईदिल्ली,21 जून।** शेयरधारकों ने प्रस्तावित प्रतिभूति धोखाधड़ी वर्ग कार्रवाई में ऐपल के खिलाफ मुकदमा दायर किया है। इसमें आरोप है कि उसने अपने सिरी वॉयस असिस्टेंट में एडवांस आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) को लागू करने के लिए अपनी समय-सीमा को कम करके आंका है। इससे आईफोन की बिक्री और उसके शेयरों में कीमत में गिरावट आई है। शिकायत करने वाले शेयरधारकों में वो शामिल हैं, जिन्हें 9 जून तक अरबों रुपये का नुकसान हुआ है। शेयरधारकों ने कहा कि जून, 2024 के विश्वव्यापी डेवलपर्स सम्मेलन में ऐपल ने सिरी को अधिक शक्तिशाली और यूजर्स के अनुकूल बनाने के लिए ऐपल इंटेलिजेंस को लॉन्च किया था। उस समय उन्हें यह विश्वास दिलाया था कि एआई आईफोन 16 का मुख्य चालक होगा।

Sport अम्बिकावाणी 07
बैकुण्ठपुर, रविवार 22 जून, 2025

# भारतीय क्रिकेट में गिल-पंत युग का शुभ-आरंभ, लीड्स टेस्ट के पहले दिन बैकफुट पर इंग्लैंड

**हेडिंग्ले (लीड्स),21 जून।** एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी 2025 के लिए खेला जा रहा 5 मैचों की सीरीज का पहले टेस्ट का पहला दिन पूरी तरह से भारतीय क्रिकेट टीम के नाम रहा. टॉस को छोड़कर इंग्लैंड के पक्ष में कुछ नहीं गया. ओपनर बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल और कप्तान शुभमन गिल ने शतक जड़े.

नतीजतन, जब पहले दिन का खेल समाप्त हुआ तो भारतीय टीम का स्कोर 85 ओवर में 3 विकेट पर 359 रन था. कप्तान गिल 175 गेंदों पर 127 रन बनाकर नाबाद हैं, जबकि उपकप्तान ऋषभ पंत 6 चौकों और 2 छक्कों की मदद से 65 रन बनाकर खेल रहे हैं.

दिन के पहले सत्र में सलामी बल्लेबाज केएल राहुल (42) और जायसवाल ने इंग्लैंड के आक्रमण का सामना किया और पहले विकेट के लिए 91 रन जोड़कर टीम को अच्छी शुरूआत दिलाई. 39 साल बाद लीड्स में भारतीय सलामी जोड़ी ने अर्धशतकीय साझेदारी की. इंग्लैंड के गेंदबाजों स्टोक्स, ब्रायडन कार्स, जोश टोंग और क्रिस वोक्स ने राहुल और जायसवाल को फुल लेंथ गेंदबाजी की, जिससे कुछ आसान रन बने.



दिन के दूसरे सत्र में बाएं हाथ के स्टार बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल ने 144 गेंदों पर 16 चौके और 1 छक्का लगाकर अपना 5वां टेस्ट शतक पूरा किया. वे टी ब्रेक के बाद 101 रन बनाकर आउट हुए. इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स ने यशस्वी और गिल की साझेदारी को तोड़ा. उन्होंने यशस्वी जायसवाल को आउट किया. हालांकि, इससे पहले दोनों ने 128 रनों की साझेदारी निभाकर भारत को मजबूत स्थिति में पहुंचाने का काम किया.

टीम इंडिया के टेस्ट कप्तान शुभमन गिल ने दिन के आखिरी सत्र में अपना शतक पूरा किया. बतौर टेस्ट कप्तान गिल का यह पहला मैच है. इसके साथ ही वे कप्तानी डेब्यू पर टेस्ट शतक लगाने वाले 5वें भारतीय खिलाड़ी बन गए हैं. उनसे पहले विजय हजारे, सुनील गावस्कर, दिलीप वेंगसरकर और विराट कोहली यह उपलब्धि हासिल कर चुके हैं.


इसके साथ ही यह सिर्फ तीसरा मौका है जब किसी टेस्ट मैच के पहले दिन 2 भारतीय बल्लेबाजों ने शतक जड़ा हो. इससे पहले भारतीय बल्लेबाजों ने 2001 में दक्षिण अफ्रीका और 2017 में श्रीलंका के खिलाफ यह उपलब्धि हासिल की थी.

भारत के उपकप्तान ऋषभ पंत ने पहले संभलकर बल्लेबाजी की लेकिन फिर हाथ खोलने शुरू कर दिए. उन्होंने 81वें ओवर में 91 गेंदों का सामना करते हुए अपना अर्धशतक पूरा किया. पंत और गिल ने 198 गेंदों में 138 रनों की नाबाद साझेदारी निभाई और भारत के स्कोर को पहले दिन स्टंप्स तक (359/3) तक पहुंचा दिया.

अब टेस्ट के दूसरे दिन शनिवार को भारतीय फैंस को उम्मीद है कि उनकी फेवरेट टीम दूसरे दिन इस स्कोर को 500+ स्कोर तक पहुचाए. उम्मीद यह भी है कि उपकप्तान ऋषभ पंत भी आज अपना शतक पूरा करेंगे. जिस तरह से भारतीय युवा ब्रिगेड ने पहले दिन बल्लेबाजी की है, उससे साफ हो गया है कि वह इंग्लैंड में सीरीज जीतने के इरादे से मैदान पर उतरा है.

## छोटी खबरें

### नीरज चोपड़ा ने 88.16 मीटर थ्रो कर जीती पेरिस डायमंड लीग, जूलियन वेबर से लिया बदला



**पेरिस,21 जून।** भारत के स्टार जेवलिन थ्रोअर और डबल ओलंपिक मेडलिस्ट नीरज चोपड़ा ने पेरिस डायमंड लीग 2025 में शानदार प्रदर्शन करते हुए इतिहास रचा है. चोपड़ा ने एंडरसन पीटर्स और जूलियन वेबर जैसे बड़े खिलाडि?ों को हराकर दो साल में अपना पहला डायमंड लीग खिताब जीता है. गोल्डन बॉय के नाम से मशहूर इस खिलाड़ी ने डायमंड लीग के पेरिस लेग में शानदार प्रदर्शन किया और शीर्ष स्थान हासिल किया.

चोपड़ा ने अपने पहले ही प्रयास में अपना सर्वोच्च थ्रो हासिल किया, उन्होंने 88.16 मीटर का थ्रो दर्ज किया. नीरज का यह पहला थ्रो ही उनके लिए जीत सुनिश्चित करने के लिए काफी था. इसके साथ ही उन्होंने जर्मनी के जूलियन वेबर से भी बदला ले लिया, जिन्होंने डायमंड लीग के दोहा लेग में नीरज चोपड़ा को हराया था. वेबर पेरिस में एक बार फिर ऐसा करने में नाकाम रहे.

स्टार जैवलिन थ्रोअर जूलियन वेबर ने 87.88 मीटर थ्रो कर दूसरा स्थान हासिल किया, जबकि ब्राजील के लुइस मौरिसियो दा सिल्वा 86.62 मीटर की दूरी तय करके तीसरे स्थान पर रहे. बता दें कि, 3 मुकाबलों में यह पहली बार है जब नीरज चोपड़ा ने इस सीजन में जूलियन वेबर को हराया है. मौजूदा डायमंड लीग सीजन का फाइनल 27-28 अगस्त को स्विट्जरलैंड के ज्यूरिख में खेला जाएगा.

पेरिस के इस इवेंट में नीरज चोपड़ा के सबसे बड़े प्रतिद्वंद्वी माने जा रहे ग्रेनेडा के एंडरसन पीटर्स का पेरिस में दिन खराब रहा. उन्होंने 77.89 मीटर के खराब थ्रो से शुरूआत की. पीटर्स के लिए 80.29 मीटर का थ्रो रात का उनका सर्वश्रेष्ठ थ्रो रहा.

भारत के स्टार एथलीट नीरज चोपड़ा अगली बार 24 जून को ओस्ट्रावा गोल्डन स्पाइक 2025 एथलेटिक्स मीट में मैदान पर उतरेंगे. यह आयोजन चेक गणराज्य में होगा और 24 जून के आयोजन के तुरंत बाद चोपड़ा 5 जुलाई को बेंगलुरु में नीरज चोपड़ा क्लासिक में मौजूद रहेंगे.

# शुभमन गिल ने बतौर कप्तान पहले ही मैच में तोड़ा आईसीसी का नियम, लगेगा जुर्माना?



**हेडिंग्ले (लीड्स),21 जून।** भारतीय क्रिकेट टीम ने इंग्लैंड क्रिकेट टीम के खिलाफ 5 टेस्ट मैचों की सीरीज के पहले मैच में शानदार शुरूआत की है। पहले दिन यशस्वी जायसवाल (101) और कप्तान शुभमन गिल (127*) ने शतक स्कोर को 359/3 पहुंचा दिया। इस दौरान कप्तान गिल शतक बनाने के बावजूद बड़ी मुसीबत में फंसते दिख रहे हैं। उन्होंने बतौर कप्तान अपने पहले ही मैच में इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल (आईसीसी) का बड़ा नियम तोड़ दिया है और उन पर कार्रवाई हो सकती है।

बल्लेबाजी के दौरान गिल ने सफेद मोजों की जगह काले मोजे पहन रखे थे, जबकि आईसीसी के नियम 19.45 के तहत टेस्ट मैचों में सफेद, क्रीम या हल्के भूरे रंग के मोजे पहने जाने चाहिए। ये नियम मेरिलबोन क्रिकेट क्लब की सिफारिश पर मई 2023 में लागू हुआ था। अब गिल को ड्रेस कोड नियमों के उल्लंघन पर आईसीसी की कार्रवाई का सामना करना पड़ सकता है। यह कार्रवाई मैच रेफरी रिची रिचर्डसन के विवेक पर आधारित होगी।

मैच रैफरी इसे जानबूझकर किया गया लेवल 1 का अपराध मानते हैं तो गिल पर मैच फीस का 10 या 20 प्रतिशत जुमार्ना लगाया जा सकता है। हालांकि, अगर गिल का फैसला आकस्मिक था या उन्होंने ऐसा इसलिए किया क्योंकि उनके सफेद मोजे गीले थे तो वे जुमार्ने से बच सकते हैं, लेकिन ये मैच रेफरी पर ही निर्भर करेगा। बता दें कि गिल से पहले कई अन्य खिलाड़ी भी ड्रेस कोड का उल्लंघन कर चुके हैं।

साल 2018 में भारत और अफगानिस्तान टेस्ट मैच में केएल राहुल आईसीसी के नियमों के विपरीत हेलमेट पहना था। इसके लिए राहुल पर मैच फीस का 10 फीसदी जुमार्ना लगाया गया था। 2016 में बिग बैश लीग में क्रिस गेल ने काले रंग का बल्ला इस्तेमाल किया था। उन पर 10 फीसदी जुमार्ना लगाया गया था। वनडे विश्व कप 2019 में पाकिस्तानी बल्लेबाज इमाम उल हक पर विज्ञापन पर अनाधिकृत लोगो लगाने के लिए 15 फीसदी जुमार्ना लगाया गया था।

# शुभमन गिल ने शतक जड़कर बनाए कई रिकॉर्ड्स, कोहली और गावस्कर की लिस्ट में हुए शामिल

**हेडिंग्ले (लीड्स),21 जून।** भारतीय क्रिकेट टीम के नवनियुक्त टेस्ट कप्तान शुभमन गिल ने अपनी टेस्ट कप्तानी की शुरूआत ऐतिहासिक तरीके से की है. दाएं हाथ के इस स्टार बल्लेबाज ने इंग्लैंड के खिलाफ अपने पहले टेस्ट मैच में कप्तान के तौर पर अपनी पहली पारी में शतक जड़कर इतिहास रचा है. इंग्लैंड के मुश्किल दौरे पर रोहित शर्मा से कप्तानी की कमान संभालते हुए गिल ने एशिया के बाहर अपना पहला शतक जड़ा है.

25 वर्षीय गिल टेस्ट क्रिकेट में कप्तान के तौर पर अपनी पहली पारी में शतक जड? वाले 5वें भारतीय खिलाड़ी बन गए हैं. वह विजय हजारे, सुनील गावस्कर, दिलीप वेंगसरकर और विराट कोहली जैसे पूर्व भारतीय कप्तानों की प्रतिष्ठित लिस्ट में शामिल हो गए हैं. इसके साथ ही वह ऐसा करने वाले वह 5वें भारतीय कप्तान बन गए हैं.

इंग्लैंड के खिलाफ लीड्स टेस्ट के पहले दिन के शतकवीर शुभमन गिल टेस्ट क्रिकेट में कप्तान के तौर पर पहली पारी में शतक लगाने वाले सबसे कम उम्र के भारतीय खिलाड़ी भी बन गए हैं. इससे पहले उनके नाम वह कप्तान के तौर पर पहली पारी में अर्धशतक लगाने वाले सबसे कम उम्र के खिलाड़ी थे और अब 25 साल और 285 दिन की उम्र में वह शतक लगाने वाले सबसे कम उम्र के खिलाड़ी बन गए हैं.

शुभमन गिल ने इस शतक के साथ ही वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप में सबसे ज्यादा शतक लगाने के मामले में विराट कोहली और यशस्वी जायसवाल को भी पीछे छोड़ दिया. इससे पहले दिन में जायसवाल ने शतक जड़ा, लेकिन गिल को आगे निकलने में ज्यादा समय नहीं लगा. वर्तमान में, ङ्खञ्जष्ट में भारत के लिए सबसे ज्यादा शतक केवल रोहित शर्मा के नाम हैं. भारत के पूर्व टेस्ट कप्तान के नाम 9 शतक दर्ज हैं.

### ऐपल एआई स्टार्टअप पेरप्लेक्सिटी को खरीदने पर कर रही विचार, अधिकारियों ने की चर्चा

**नईदिल्ली,21 जून।** आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) के क्षेत्र में बढ? के लिए अब ऐपल ने भी तैयारी शुरू कर दी है। कंपनी के अधिकारियों ने एआई स्टार्टअप पर्प्लेक्सिटी को खरीदने के लिए बातचीत की है। रिपोर्ट में कहा गया है कि चचार्एं शुरूआती चरण में हैं और हो सकता है कि कोई प्रस्ताव न मिले। साथ ही यह भी कहा गया है कि टेक दिग्गज के अधिकारियों ने पर्प्लेक्सिटी के प्रबंधन के साथ बोली पर चर्चा नहीं की है। रिपोर्ट में यह भी बताया कि मेटा प्लेटफॉर्म्स ने इस साल की शुरूआत में पेरप्लेक्सिटी को खरीदने की कोशिश की थी। अब इस स्टार्टअप को खरीदने के लिए ऐपल के विलय और अधिग्रहण के प्रमुख एड्रियन पेरीका ने सेवा प्रमुख एडी क्यू और शीर्ष एआई निर्णयकताओं के साथ इस विचार-विमर्श किया है। बड़ी टेक कंपनियां तेजी से विकसित हो रहे तकनीकी परिदृश्य में एआई क्षमताओं को बढ़ाने के लिए निवेश को दोगुना कर रही हैं। आईफोन निमार्ता कथित तौर पर अपने सफारी ब्राउजर में एआई-संचालित सर्च क्षमताओं में पेरप्लेक्सिटी एआई को जोड़ने की योजना बना रही है। यह गूगल के साथ लंबे समय से चली आ रही व्यवस्था के संभावित नुकसान से निपटने के प्रयासों का हिस्सा है। रिपोर्ट के अनुसार, पेरप्लेक्सिटी ने हाल ही में एक फंडिंग राउंड पूरा किया है,

## ---------------------------- व्यापार/फिल्म ----------------------------

# बिरला फर्टिलिटी एंड आईवीएफ ने लॉन्च किया फर्टिलिटी सर्कल

बिरला फर्टिलिटी एंड आईवीएफ, भारत के तीन प्रमुख फर्टिलिटी नेटवर्क्स में से एक, ने फर्टिलिटी सर्कल (१८०० १२३ १५१५) लॉन्च किया है - भारत की पहली टोल-फ्री और अनरिकॉर्डेड सपोर्ट लाइन। यह फर्टिलिटी काउंसलिंग सेवा पूरे भारत में अंग्रेजी और हिंदी में उपलब्ध है, और जल्द ही इसे क्षेत्रीय भाषाओं में भी शुरू करने की योजना है। यह सेवा उन लोगों के लिए है जो प्रेग्नेंसी की प्लानिंग कर रहे हैं, पेरेंट्स बनने की कोशिश कर रहे हैं, इससे संबंधी ट्रीटमेंट पर विचार कर रहे हैं या फर्टिलिटी समस्याओं से संभंदित मन में सवाल लिए हुए हैं।

अभिषेक अग्रवाल, चीफ एग्जीक्यूटिव ऑफिसर, बिरला फर्टिलिटी एंड आईवीएफ, ने कहा, हमने फर्टिलिटी सर्कल की शुरूआत की है ताकि लोग बिना डर, दबाव और किसी लागत के अपनी फर्टिलिटी संबंधी सभी समस्याओं और उलझनों पर खुलकर बात कर सकें। यह सेवा सुनिश्चित करती है बस कोई उनकी बात सुनने वाला हो और उन्हें सवालों से अकेले नहीं जूझना पड़े।

पारुल त्यागी, चीफ मार्केटिंग ऑफिसर, बिरला फर्टिलिटी एंड आईवीएफ, ने कहा कि फर्टिलिटी सर्कल एक ऐसा स्पेस है जहाँ हर सवाल सुना और समझा जाता है - खासकर तब, जब प्रेग्नेंसी और इंफर्टिलिटी जैसे विषयों पर बात करना आसान नहीं होता। फर्टिलिटी हेल्थ के बारे में बातचीत को सामान्य बनाने और इस सपोर्ट का दायरा और उपलब्धता बढ़ाने के लिए हम अलग-अलग संस्थाओं और प्लेटफॉर्म्स के जुड़ रहे हैं।

क्योंकि जब बात प्रेग्नेंसी या फर्टिलिटी समस्याओं से जुड़ी होती है, तो लोग अक्सर चुप रह जाते हैं। कई बार उन्हें समझ नहीं आता कि शुरूआत कहां से करें या किससे बात करें। एक आंतरिक सर्वे में पता चला कि इंफर्टिलिटी का सामना कर रहे ९० प्रतिशत से अधिक लोग भावनात्मक दवाब महसूस करते हैं, लेकिन केवल २९ प्रतिशत लोग ही समय पर मदद लेते हैं। कई लोग मदद लेने में दो साल से भी अधिक समय की देरी कर देते हैं, क्योंकि उन्हें शर्म, उलझन या सही जगह की जानकारी नहीं होती। फर्टिलिटी सर्कल, बिरला फर्टिलिटी एंड आईवीएफ की वह पहल है जहाँ पूरी गोपनीयता के साथ, बिना किसी दबाव और जजमेंट के लोगों को फर्टिलिटी से संभंधित सही मागदर्शन मिलेगा।

ग्लोबल रिसर्च के अनुसार हर तीन में से एक व्यक्ति फर्टिलिटी समस्याओं के कारण ज्यादा तनाव, चिंता या डिप्रेशन महसूस करते हैं। भारत में जो लोग फर्टिलिटी ट्रीटमेंट ले रहे हैं, उनमें यह तनाव सामान्य तरीके से गर्भधारण करने वालों के मुकाबले छह से सात गुना ज्यादा पाया गया है।


इसका प्रभाव इमोशनल स्ट्रेस से कहीं अधिक है, जिसमें आधे से अधिक लोगों ने जीवनस्तर की क्वालिटी में गिरावट रिपोर्ट की है और ३८ प्रतिशत लोगों का कहना है कि इलाज के बोझ के कारण उन्होंने नौकरी छोड़ने तक का विचार किया है।

### मेटा की सेफ सुपरइंटेलिजेंस का अधिग्रहण करने की तैयारी, अधिकारियों की करेगी नियुक्ति

**नईदिल्ली,21 जून।** मेटा प्लेटफॉर्म एक प्रमुख आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) स्टार्टअप का सेफ सुपरइंटेलिजेंस का अधिग्रहण करने और नए एआई अधिकारियों की भर्ती करने की कोशिश कर रही है। इस कंपनी का बाजार मूल्य अप्रैल में 30 अरब डॉलर (करीब 2,580 अरब रुपये) आंका गया है। मार्क जुकरबर्ग की कंपनी सुपरइंटेलिजेंस लैब के नए सदस्यों को नियुक्त करने के लिए आक्रामक दृष्टिकोण अपना रहा है। इस समूह को ऐसे एआई को विकसित करने का काम सौंपा है, जो मनुष्यों से ज्यादा बुद्धिमान हो।

रिपोर्ट के अनुसार, ओपनएआई के संस्थापक सदस्य इल्या सुत्सकेवर ने कंपनी में मुख्य वैज्ञानिक के रूप में अपना पद छोड? के एक महीने बाद जून, 2024 में एसएसआई की सह-स्थापना की थी। इस साल की शुरूआत में मेटा ने सेफ सुपरइंटेलिजेंस (एसएसआई) का अधिग्रहण करने का प्रयास किया। सूत्रों ने बताया कि सुत्सकेवर ने कथित तौर पर एसएसआई को खरीदने और उन्हें काम पर रखने के मेटा के प्रस्ताव को अस्वीकार कर दिया।

# अजय देवगन की फिल्म सन ऑफ सरदार 2 का नया पोस्टर आउट, 25 जुलाई को सिनेमाघरों में रिलीज होगी




अजय देवगन और मृणाल ठाकुर पहली बार सन ऑफ सरदार 2 में स्क्रीन शेयर करते हुए नजर आएंगे। हाल ही में इस फिल्म की रिलीज की तारीख का एलान किया गया है। फिल्म को लेकर फैंस काफी अत्साहित हैं। आज अजय देवगन ने फिल्म के दो नए पोस्टर शेयर किए और कुछ ही समय में यह वायरल हो गए। सन ऑफ सरदार 2 25 जुलाई को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर अजय देवगन ने नए पोस्टर शेयर करते हुए लिखा वह पंजाब से बच गया...क्या वह स्कॉटलैंड से बच पाएगा? सन ऑफ सरदार 2 इस 25 जुलाई को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। सरदार दोबारा आ रहा है।

इससे पहले, अभिनेता ने एक पोस्टर शेयर किया था जिसमें वह पगड़ी पहने हुए थे और उन्होंने इसे कैप्शन दिया था 25 जुलाई को आपके नजदीकी सिनेमाघरों में सरदार की वापसी

नए पोस्टर में देखा जा सकता है कि अजय देवगन दो ट्रैक्टरों पर खड़े हुए हैं। उन्होंने शॉर्ट कुर्ता-पाजामा पहना है। वहीं सर पर लाल पगड़ी पहनी है। दूसरे पोस्टर में अजय देवगन कुर्ता पाजामा पहने हैं और पिंक पगड़ी पहने हैं। इस पोस्टर में वह टैंक पर खड़े हैं। उनके पीछे दुश्मन हैं। पोस्टर पर कमेंट करते हुए एक फैन ने लिखा है अब इंतजार नहीं हो रहा है।

आपको बता दें अजय देवगन की फिल्म सन ऑफ सरदार साल 2012 में रिलीज हुई थी। यह फिल्म हिट रही थी। सन ऑफ सरदार 2 इसी का सीक्वल है। अजय देवगन एक बार फिर इस फिल्म से वापस आ रहे हैं। इसमें मृणाल ठाकुर अहम भूमिका में हैं। जियो स्टूडियोज, देवगन फिल्म्स और टी-सीरीज के सपोर्ट से बन रही ये फिल्म एक्शन, कॉमेडी और हाई-स्पिरिटेड ड्रामा होने वाली है। कुछ दिनों पहले, फिल्म की अभिनेत्री मृणाल ठाकुर ने सन ऑफ सरदार 2 नाम से एक क्लैपबोर्ड फोटो पोस्ट की थी। उन्होंने कैप्शन में लिखा था। सीन 49 शॉट 5 टेक 1 एक्शन!

सन ऑफ सरदार 2 फिल्म सन ऑफ सरदार की अगली कड़ी है, जिसमें सोनाक्षी सिन्हा मुख्य भूमिका में थीं। 2012 की इस फिल्म में अजय देवगन और संजय दत्त ने जस्सी और बिल्लू का किरदार निभाया था। अपकमिंग सीक्वल में, संजय दत्त डॉन के रूप में वापसी करेंगे।




◆ स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक- महेन्द्र सिंह टुटेजा, नरेन्द्र सिंह टुटेजा द्वारा टुटेजा मीडिया पब्लिकेशन (एन.एच. नं. 43अ.पुर) से मुद्रित एवं स्कूल रोड, बैकुण्ठपुर (कोरिया) से प्रकाशित 0 प्रधान संपादक- महेन्द्र सिंह टुटेजा, Mo. 8223000155, 94252 56303, 98261 83780 ● RNI No. 71235/98◆ डाक पंजीयन क्र./छ.ग./रायगढ़/सी.ओ./रायपुर05/2005 से2006 ■ Email- ambikavanisurguja@gmail.com